संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज समूह संपादक : रवि भारद्वाज ऊना, मंगलवार, 21 नवंबर 2023 ₹ 2 www.actionindialive.com facebook.com/actionindialive



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गोपाष्टमी पर जिला पलवल के होडल क्षेत्र में स्थित गौ सेवा धाम परिसर में पहुंचकर गौ पूजन किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 12 अंकः 311 पृष्ठः 12

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com हिमाचल संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

**फास्ट न्यूज**

## हाई कोर्ट ने चंद्रबाबू को नियमित जमानत दी

**अमरावती:** आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने सोमवार (20 नवंबर) को कौशल विकास मामले में पूर्व सीएम एन चंद्रबाबू नायडू को नियमित जमानत दे दी। नायडू 28 नवंबर तक अंतरिम जमानत पर हैं। हाई कोर्ट ने तेलुगु देशम पार्टी के अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू को 29 नवंबर से सार्वजनिक रैलियां और बैठकें आयोजित करने या उनमें भाग लेने की भी अनुमति दी है। कोर्ट ने 31 अक्टूबर को चंद्रबाबू नायडू को स्वास्थ्य के आधार पर चार हफ्ते की अंतरिम जमानत दी थी। चंद्रबाबू नायडू को कौशल विकास निगम घोटाले के आरोप में सीआईडी ने गिरफ्तार कर लिया था, जिसके बाद उन्हें 10 सितंबर से राजमुंदरी केंद्रीय जेल में रखा गया है।

**मामले में सीआईडी कर रही है जांच**

इसी साल मार्च में सीआईडी ने पूर्ववर्ती टीडीपी सरकार के दौरान एपीएसएसडीसी में 3,300 करोड़ रुपये के कथित घोटाले की जांच शुरू की थी। बता दें कि एपीएसएसडीसी की स्थापना साल 2016 में नायडू के सीएम रहने के दौरान की गई थी. इसका मकसद राज्य के बेरोजगार युवाओं को उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें सशक्त बनाने के लिए थी।

## यूएफओ का पता लगाने के लिए भेजे दो राफेल विमान

**नई दिल्ली।** मणिपुर के इंफाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास रविवार दोपहर को यूएफओ देखा गया। सच्चाई का पता लगाने के लिए भारतीय वायु सेना ने फौरन इंफाल हवाई अड्डे के पास दो राफेल लड़ाकू विमानों को भेज दिया। इंफाल एयरपोर्ट पर यूएफओ देखे जाने की घटना रविवार दोपहर करीब 2:30 बजे हुई, जिसके बाद सामान्य उड़ान सेवाएं प्रभावित हुईं। रक्षा सूत्रों ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया, "इंफाल एयरपोर्ट के पास यूएफओ के बारे में सूचना मिलने के तुरंत बाद सबसे नजदीकी एयरबेस से एक राफेल लड़ाकू विमान को यूएफओ की तलाश के लिए भेजा गया।"

तलाशी में नहीं मिला यूएफओ

उन्होंने कहा, "उन्नत सेंसर से लैस राफेल ने यूएफओ की तलाश के लिए संदिग्ध क्षेत्र में निचले स्तर पर उड़ान भरी, लेकिन उसे वहां कुछ नहीं मिला।"

# 'राजस्थान में महिला अत्याचार बढ़ा'

= राजस्थान में महिला अत्याचार बढ़ा है और यहां के मुख्यमंत्री सर्टिफिकेट देते हैं: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**साधा निशाना**

**8 'गहलोत सरकार के लिए भ्रष्टाचार से बड़ा कुछ भी नहीं है। इस कांग्रेस सरकार को सबक सिखाना जरुरी'**



**टीम एक्शन इंडिया/पाली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने कहा कि राजस्थान की गहलोत सरकार के लिए भ्रष्टाचार से बड़ा कुछ भी नहीं है। इस कांग्रेस सरकार को सबक सिखाना जरुरी है। राजस्थान में महिला अत्याचार बढ़ा है और यहां के मुख्यमंत्री सर्टिफिकेट देते हैं कि वे फर्जी शिकायत दर्ज करवाती हैं, यह महिलाओं का अपमान है। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को पाली के जाडन में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने आपके मोबाइल का बिल भी कम कर दिया है। डेटा की वर्ष 2014 से पहले की कीमत होती तो आज आपको एक मोबाइल पर अधिक खर्च करने पड़ते। एक परिवार में कम से कम चार मोबाइल होते हैं, मोदी ने यह खर्चा बचाया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस के लिए भ्रष्टाचार से बड़ा कुछ नहीं है। कांग्रेस के लिए परिवारवाद ही सब कुछ है। उसके पास तुष्टिकरण के अलावा कुछ नहीं है। दंगाइयों और आतंकियों के हौसले बुलंद हो गए। ऐसी विकृत वाली मानसिकता वाली कांग्रेस को अच्छे से सबक सिखाना जरूरी है। कांग्रेस और उसके घमंडिया गठबंधन की यह पहली हरकत नहीं है। सनातन को लेकर उन्होंने क्या-क्या कहा, यह सबने देखा है। कांग्रेस और उसके साथी सनातन को खत्म करने का ऐलान कर रहे हैं। सनातन को खत्म करने का मतलब है, राजस्थान की संस्कृति को खत्म करना। मोदी ने कहा कि महिलाओं और दलितों को लेकर कांग्रेस और इनके गठबंधन के नेता कैसी-कैसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। बिहार के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री अति पिछड़े दलित परिवार से आते हैं, इसलिए उनकी बेइज्जती करने में उन्हें आनंद आता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में दलित परिवारों पर अत्याचार पर कांग्रेस ने किया है। जब से महिला आरक्षण विधेयक पास हुआ है, तब से घमंडिया गठबंधन ने महिलाओं के विरूद्ध अभियान छेड़ दिया है। बिहार के मुख्यमंत्री ने विधानसभा में अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया, लेकिन मजाल है कि कांग्रेस के किसी नेता ने आवाज उठाई हो। यही कांग्रेस का असली चेहरा है।

## देश को बर्बाद कर रहे हैं भाजपा के लोग: मल्लिकार्जुन खड़गे

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीगंगानगर**

**कांग्रेस के** राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की सेवा में लगी है। इंदिरा गांधी जैसी महान नेता ने अपनी जान कुर्बान की। राजीव गांधी ने अपनी जान इस देश की एकता के लिए दी। कांग्रेस में जान देने वाले लोग हैं और भाजपा जान लेने वाले लोग हैं। खड़गे ने सोमवार को अनूपगढ़ में पार्टी उम्मीदवार शिमला नायक के समर्थन में एक जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी को किसने मारा, नाथूराम गोडसे ने। उस नाथूराम गोडसे के लोग कहां है, किस पार्टी में हैं। देखो यह लोग एक तरफ देश की बात करते हैं और दूसरी तरफ देश के लिए कुबार्नी देने वाले महात्मा गांधी के खिलाफ भी बोलते हैं। गांधी और नेहरूजी की फिलॉसफी के खिलाफ बोलते हैं। इंदिराजी ने जो काम किए, उनको कभी स्वीकार नहीं किया।

खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने चुनावी वादे किए थे कि विदेशों में जमा कालाधन लाऊंगा और हर व्यक्ति के खाते में 15 लाख रुपये डालूंगा। आपके खाते में 15 लाख रुपये आ गए क्या। लोगों ने जब नहीं कहा तो उन्होंने कहा कि आप झूठ बोल रहे हैं। प्रधानमंत्री कैसे झूठ बोल सकते हैं। मैं जब उनको कुछ कहता हूं तो वह कहते हैं कि मुझे झूठों का सरदार बोलते हैं। मोदी ने कहा था कि हर साल दो करोड़ लोगों को रोजगार देंगे। 10 साल में 20 करोड़ नौकरी मिलनी चाहिए थी, वो कहां है बताओ। मैं झूठ बोल रहा हूं या प्रधानमंत्री। उन्होंने किसानों की आय बढ़ाने और आय दोगुनी करने की बात कही थी, आपकी आय दोगुनी हुई क्या। किसानों को फ्री फर्टिलाइजर देने की बात कही थी, आपको फ्री मिल रहा है क्या। अरे डीएपी नहीं मिलता, यूरिया नहीं मिलता, लेकिन उन्होंने तो बोल दिया।

## चुनौती के मोर्चों पर सीएम धामी की परीक्षा



**चुनौतीपूर्ण**

**8 चुनावी सभाओं के लिए निकलते और रात में देहरादून लौट अफसरों से अपडेट लेने का सिलसिला चलता**

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

पिछले कुछ दिन उत्तराखंड सरकार और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के लिए चुनौतीपूर्ण रहे। राष्ट्रपति, केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा अध्यक्ष के उत्तराखंड दौरे, उस पर मध्य प्रदेश, राजस्थान समेत पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव। धामी को हर मोर्चा संभालना ही था, लेकिन इसी दौरान देहरादून में दिन-दहाड़े एक ज्वेलरी शोरूम में 20 करोड़ की डकैती और उत्तरकाशी के सिलक्यारा में आल वेदर रोड परियोजना के अंतर्गत बन रही सुरंग में भूस्खलन के कारण 41 श्रमिकों के फंस जाने की घटना ने मानों उनके कौशल की परीक्षा ही ले डाली। आलम यह कि सुबह धामी अन्य राज्यों में चुनावी सभाओं के लिए निकलते और रात में देहरादून लौट अफसरों से अपडेट लेने का सिलसिला चलता। यह सब ठीक, लेकिन डकैती का पर्दाफाश और सिलक्यारा सुरंग में श्रमिकों की सुरक्षा के मामले अभी अंजाम तक नहीं पहुंचे यानी चुनौती आने वाले दिनों में भी बरकरार। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजों पर उत्तराखंड भाजपा की भी नजरें टिकी है। ये नतीजे ही तय करेंगे कि लोकसभा चुनाव में राज्य की पांच सीटों पर पार्टी किसे मैदान में उतारती है।

## प्रशासन के हाथ लगी सफलता, टनल के अंदर डाली गई छह इंच की पाइप

**टीम एक्शन इंडिया/उत्तरकाशी**

**सिलक्यारा** सुरंग में चल रहे रेस्क्यू अभियान में आज एक महत्वपूर्ण कामयाबी मिली है। सुरंग के अवरुद्ध हिस्से में 6 इंच की पाइपलाइन बिछाकर सेकेंडरी लाइफ लाइन बनाने के लिए की जा रही ड्रिलिंग पूर्ण कर मलवे के आर पार 53 मीटर लंबी पाइपलाइन डाल कर इसके जरिये फंसे श्रमिकों तक खाद्य सामग्री पहुचाने की तैयारी की जा रही है।

**रेस्क्यू की पहली कामयाबी:** शाम लगभग साढ़े चार बजे एनएचएआईडीसीएल के निदेशक अंशुमनीष खलखो, जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला और टनल के भीतर संचालित रेस्क्यू अभियान के प्रभारी कर्नल दीपक पाटिल ने बताया कि गत नौ दिनों से चल रहे रेस्क्यू की इस पहली कामयाबी के बाद श्रमिकों को जल्द से जल्द सुरक्षित निकालने के अहर्निश प्रयास तेजी से संचालित किए जाएंगे। छह इंच व्यास की पाइप लाइन मलबे के आरपार बिछा दिए जाने के बाद श्रमिकों तक बड़े आकार की सामग्री व खाद्य पदार्थ तथा दवाएं और अन्य जरूरी साजो सामान के साथ ही संचार के उपकरण भेजने में सहूलियत होगी।



**रेस्क्यू**

**8 खाद्य पदार्थ तथा दवाएं और अन्य जरूरी साजो सामान के साथ ही संचार के उपकरण भेजने में सहूलियत होगी**

## मणिपुर के कांगपोकली में दो गुटों के बीच हुई गोलीबारी

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**

**मणिपुर** में हिंसा थमने का नाम ही नहीं ले रही है। रुक-रुककर हिंसा का कोई न कोई मामला सामने आता रहता है। हिंसा का ताजा मामला कांगपोकली जिले से है, जहां पर सोमवार को दो प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई। गोलीबारी की यह घटना हारोथेल और कोब्शा गांवों के बीच हुई, लेकिन यह किस वजह से शुरू हुई। पुलिस को इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। एक आदिवासी संगठन ने दावा किया कि कुकी-जो समुदाय के लोगों पर बिना किसी उकसावे के हमला किया गया और जिले में बंद घोषित कर दिया गया है।

## राष्ट्रीय फार्मेसी आयोग विधेयक का मसौदा जारी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्रीय स्वास्थ्य** मंत्रालय ने मसौदा राष्ट्रीय फार्मेसी आयोग विधेयक, 2023 जारी कर दिया है। इसमें 1948 के फार्मेसी अधिनियम को निरस्त करने और भारतीय फामेर्सी परिषद की जगह एक राष्ट्रीय आयोग बनाने का प्रविधान प्रस्तावित है। मंत्रालय ने विधेयक के मसौदे को 14 नवंबर को अपनी वेबसाइट पर डाला है और इस पर जनता की राय मांगी है।

**प्रस्तावित विधेयक में क्या है?**

प्रस्तावित विधेयक का उद्देश्य एक फार्मेसी शिक्षण प्रणाली बनाना है, जो गुणवत्तापूर्ण और किफायती फार्मेसी या फार्मास्युटिक शिक्षा तक पहुंच को सुगम बनाए। इसके साथ विधेयक का उद्देश्य देश के सभी हिस्सों में पर्याप्त और उच्च गुणवत्ता वाले फामेर्सी पेशेवरों की उपलब्धता सुनिश्चित करना, समान और सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देना और फामेर्सी पेशेवरों की सेवाएं सभी नागरिकों के लिए सुगम बनाना है।

**फार्मेसी पेशेवरों का रखा जाएगा विवरण**

मसौदा विधेयक में फार्मेसी संस्थानों के समय-समय पर और पारदर्शी मूल्यांकन का प्रस्ताव है। विधेयक के मसौदे के अनुसार, फार्मेसी आचार और पंजीकरण बोर्ड के पास एक राष्ट्रीय फार्मेसी पंजी होगी, जिसमें पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए फार्मेसी पेशेवरों का विवरण रखा जाएगा।



**राय मांगी**

**8 मंत्रालय ने विधेयक के मसौदे को 14 नवंबर को अपनी वेबसाइट पर डाला है और इस पर जनता की राय मांगी है**



अहमदाबाद में खेले गए वर्ल्ड कप 2023 फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को छठी बार चैंपियन बना। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के तीसरी बार चैंपियन बनने का सपना तोड़ दिया। हार के बाद भारत के ड्रेसिंग रूम में पीएम मोदी ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर हौसला बढ़ाया। उन्हें शमी को गले लगाकर हिम्मत दी और उनके प्रदर्शन की सराहना की।

## सीबीआई की रिपोर्ट लीक मामले में अनिल देशमुख को झटका

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख को फिरौती वसूली मामले में झटका देते हुए सीबीआई ने उनकी बेटी पूजा और बहू राहत देशमुख के खिलाफ 2021 में जांच एजेंसी की आंतरिक मसौदा रिपोर्ट लीक करने के संबंध में आरोपपत्र दायर किया है। सीबीआई की विशेष अदालत के समक्ष दायर पूरक आरोपपत्र में जांच एजेंसी ने पूजा को 'सह-साजिशकर्ता' करार दिया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने मसौदा रिपोर्ट हासिल करने के लिए एजेंसी के उपनिरीक्षक अभिषेक तिवारी को रिश्वत देने के लिए देशमुख के वकील आनंद दिलीप डागा के साथ साजिश रची थी।

## 'जजों की नियुक्ति में पसंद-नापसंद की नीति ठीक नहीं'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट ने** कॉलेजियम की सिफारिश के बावजूद जजों की नियुक्ति में हो रही देरी पर केंद्र सरकार को फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा- जजों की नियुक्ति में पसंद-नापसंद की नीति ठीक नहीं है। ये अच्छे संकेत नहीं हैं। यह देश में गलत संदेश देता है। जस्टिस संजय किशन कौल और सुधांशु धूलिया की बेंच ने सोमवार को मामले की सुनवाई करते हुए कहा- जजों की नियुक्ति और तबादले भी सरकार अपनी पसंद नापसंद के मुताबिक कर रही है। हमने इसके लिए सरकार को पहले भी आगाह किया है। बेंच ने कहा- अभी भी इलाहाबाद, दिल्ली, पंजाब और गुजरात हाईकोर्ट में जजों के तबादले की सिफारिश वाली फाइल सरकार ने लटका रखी है। गुजरात हाईकोर्ट में तो चार जजों के तबादले पेंडिंग हैं। इन पर सरकार ने अब तक कुछ भी नहीं किया। बेंच ने कहा- दोबारा भेजे गए नामों पर नियुक्ति नहीं करना परेशान करने वाला है। कॉलेजियम की सिफारिशों पर अमल करने के लिए और वक्त देते हुए बेंच ने कहा कि केंद्र इसका समाधान लेकर आए। 5 दिसंबर को अगली सुनवाई होगी। बेंगलुरु एडवोकेट्स एसोसिएशन की ओर से जजों की नियुक्ति को लेकर यह याचिका लगाई गई है। विधानसभा चुनावों में व्यस्तता की वजह से देरी हुई है। सरकार की ऐसी कोई मंशा नहीं थी। हमने सरकार को सूचित कर रखा है। सुप्रीम कोर्टः हमने हाईकोर्ट्स में 14 जजों की नियुक्ति की सिफारिश की है, लेकिन नियुक्ति सिर्फ गुवाहाटी हाईकोर्ट में हुई।



**टिप्पणी**

**8 सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा- ये अच्छे संकेत नहीं, देश में गलत मैसेज जाता है**

**हाई पावर कमेटी** उपायुक्तों के साथ वर्चुअल बैठक में मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश, प्रदेश भर में होगा राजस्व लोक अदालतों का आयोजन

## लंबित राजस्व मामलों का 20 जनवरी तक निपटारा सुनिश्चित करें: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/चमन शर्मा**

**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इंतकाल, तकसीम तथा निशानदेही के लम्बित मामलों का 20 जनवरी 2024 तक निपटारा करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हाई पावर कमेटी ने गत दिवस को प्रदेश में लम्बित राजस्व मामलों की समीक्षा की और सभी उपायुक्तों को मिशन मोड पर लम्बित मामलों का निपटारा करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार आमजन की सरकार है तथा जन समस्याओं का निपटारा हमारी प्राथमिकता है, इसलिए सरकार लम्बित राजस्व मामलों की संख्या शून्य करना चाहती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में काफी संख्या में राजस्व मामले लम्बित हैं, जिनका तुरंत निपटारा करना आवश्यक है तथा सभी अधिकारी इस मामले पर गंभीरता से पर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि नायब तहसीलदार से लेकर मंडलीय आयुक्त लम्बित राजस्व मामलों की दैनिक आधार पर सुनवाई कर उनका समयबद्ध निपटारा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों की वार्षिक एसीआर में भी इस प्रगति को दशार्या जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश भर में 30 व 31 अक्तूबर, 2023 को इंतकाल अदालतों का आयोजन किया, जिसके परिणाम बेहतर रहे तथा इंतकाल के लम्बित 41,907 मामलों में से 31,105 का निपटारा कर दिया गया। उन्होंने कहा कि आगामी 1 व 2 दिसंबर को पुनः प्रदेश भर में इस प्रकार की विशेष अदालत का आयोजन किया जाएगाए जिसे राजस्व लोक अदालत का नाम दिया गया है। इस विशेष अदालत में इंतकाल के साथ-साथ तकसीम के लम्बित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाएगा।



**दिशा-निर्देश**

**8 इंतकाल के साथ-साथ तकसीम के लम्बित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाएगा**

## चुनाव वाले 5 राज्यों से 1760 करोड़ की शराब-कैश बरामद: चुनाव आयोग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**चुनाव** आयोग ने सोमवार 20 नवंबर को कहा कि चुनाव वाले पांच राज्यों से 1760 करोड़ की शराब, ड्रग्स, कैश और महंगी धातु बरामद की गईं। ये सब चीजें वोटरों को रिझाने के लिए बांटी गई थीं। इन चीजों की बरामदगी 9 अक्टूबर से हो रही थी। इसी दिन इलेक्शन कमीशन ने पांच राज्यों में चुनाव की तारीखों का ऐलान किया था। चुनाव आयोग ने यह भी बताया कि आंकड़ा (1760 करोड़) इन राज्यों में 2018 विधानसभा चुनाव के दौरान हुई बरामदगी का 7 गुना है। पिछली बार 239.15 करोड़ की चीजें जब्त की गई थीं। अभी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव हैं। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और मिजोरम में वोटिंग हो चुकी है। राजस्थान में 25 तो तेलंगाना में 30 नवंबर को वोट डाले जाएंगे।





**मिजोरम से 29 करोड़ की ड्रग्स बरामद हुई:** चुनाव आयोग ने बताया कि पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम से न तो कैश और न ही कोई कीमती धातु जब्त हुई, लेकिन 29.82 करोड़ की ड्रग्स बरामद हुई। 194 सीटों को चुनावी खर्च के लिहाज से सेंसिटिव बताया था चुनाव आयोग ने पांच राज्यों में चुनावी खर्च पर नजर रखने के लिए 228 एक्सपेंडीचर ऑब्जर्वर्स तैनात किए थे। साथ ही 194 विधानसभा सीटों को चुनावी खर्च के लिहाज से संवेदनशील बताया था।

# मुख्यमंत्री ने 680 करोड़ रुपये की स्टार्ट-अप योजना के प्रथम चरण में ई-टैक्सी योजना का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**मुख्यमंत्री ठाकुर** सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना के प्रथम चरण के अंतर्गत ई-टैक्सी योजना का शुभारंभ किया। उन्होंने ई-टैक्सी के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करने की सुविधा प्रदान करने के लिए परिवहन विभाग की वेबसाइट का शुभारम्भ किया, जिसके माध्यम से आवेदक एक महीने की अवधि के भीतर इस वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले चरण में ई-टैक्सी के लिए 500 परमिट जारी किए जाएंगे तथा आने वाले समय में मांग के आधार पर परमिट की संख्या बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बेरोजगार युवाओं को आय के निश्चित साधन उपलब्ध करवाने के लिए चरणबद्ध तरीके से सरकारी विभागों को ई-टैक्सी उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ई-टैक्सी की खरीद के लिए युवाओं को 50 प्रतिशत सब्सिडी भी दे रही है। इसके साथ-साथ इस योजना के तहत ऋण लेने की शर्तों में भी ढील दी जाएगी। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि यह योजना रोजगार उपलब्ध करवाने के साथ-साथ, वायु प्रदूषण को कम करने और 31 मार्च 2026 तक हिमाचल प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य बनाने में मील का पत्थर सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि ई-टैक्सी के साथ-साथ राज्य सरकार ई-बस तथा ई-ट्रक की खरीद पर भी 50 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने निजी बस ऑपरेटरों को ई-बसों के लिए भी 24 परमिट जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की देश में यह पहली योजना है। उन्होंने कहा कि राज्य में ई-वाहनों की चार्जिंग के लिए आधारभूत ढांचा तैयार किया जा रहा है। 17 ई-चार्जिंग स्टेशन अगले दो महीने में बनकर तैयार हो जाएंगे तथा इसके साथ-साथ परिवहन विभाग भी ई-चार्जिंग स्टेशन स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हिमाचल पथ परिवहन निगम की सभी डीजल बसों को चरणबद्ध तरीके से ई-बसों में परिवर्तित कर रही है तथा पहले चरण में 300 ई.बसें खरीदी जा रही हैं।



**शुभारंभ**

8 ऑनलाइन पंजीकरण करने की सुविधा प्रदान करने के लिए परिवहन विभाग की वेबसाइट का शुभारम्भ किया

## शिक्षा मंत्री ने नेरवा में राज्य स्तरीय अंडर-19 सांस्कृतिक प्रतियोगिता में की शिरकत

टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज चौपाल विधानसभा के नेरवा क्षेत्र में राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नेरवा में आयोजित पांच दिवसीय अंडर-19 (छात्र व छात्राओं) की राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। इस प्रतियोगिता में 12 जिलों से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ग्रामीण एवं दुर्गम क्षेत्रों में शिक्षा के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए कृत संकल्प है और वंचित वर्गों को घरद्वार पर बेहतर शिक्षा की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने उपेक्षित वर्ग के विद्यार्थियों के कल्याण के लिए मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अमल में लाई है, जिससे निर्धन एवं पिछड़े वर्गों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए एक प्रतिशत ब्याज पर ऋण उपलब्ध होगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकेंगे। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि बौद्धिक विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों का सम्पूर्ण व्यक्तित्व निर्माण में अहम योगदान है तथा शिक्षकों एवं अभिभावकों को बच्चों को सांस्कृतिक गतिविधियों की ओर प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में विजेता विद्यार्थियों को एनसीसी एवं खेल के तर्ज पर प्रोत्साहन प्रदान करेगी।



## खंड चिकित्सा अधिकारी की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ चंबा/ हामिद**

**स्वास्थ्य एवं** परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा के सभागार में जिला स्तर पर खंड चिकित्सा अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा ड़ा. कपिल शर्मा ने की। बैठक में उन्होंने जिले में चल रहे आयुष्मान भवरू के तहत चल रहे आभा आई डी जनरेशन और एनसीडी एनरोमेंट बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य मेलों का भरपूर लाभ उठाने तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा में उक्त सेवाएं प्रदान करने पर जोर दिया। इसी के साथ इस अभियान के तहत चल रही गतिविधियों की समीक्षा की साथ ही खंड चिकित्सा अधिकारीयों द्वारा भेजी गई मासिक रिपोर्ट का आकलन भी किया और महत्वाकांक्षी जिले के अंतर्गत चल रही योजनाओं और गतिविधियों की समीक्षा की तथा इसकी प्रोग्रेस बढ़ाने के लिए कहा। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय हेल्थ मिशन के तहत जिले में चल रहे कार्यकर्मो की समीक्षा की जिस में प्रजनन एवं मातृ शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम एटीकाकरण कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ कार्यक्रम, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, एन सी डी कार्यक्रम, तथा एच एम आई एस का खंड स्तरीय समीक्षा भी की।



## ललड़ी प्राथमिक स्कूल में की 320 बच्चों की ब्लड ग्रुप जांच

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**केंद्रीय मंत्री** एवं सांसद अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन मे संचालित अस्पताल-सांसद मोबाईल स्वास्थ्य सेवा की हरोली टीम प्रीति, रुचि, निहाल ने डॉ. प्रदीप के नेतृत्व में राजकीय प्राथमिक विद्यालय ललड़ी में स्थानीय विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। स्वास्थ्य जांच शिविर मे 320 बच्चों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की गई व रक्तजांच भी की गई। इस दौरान 320 बच्चों की ब्लड ग्रुप जांच भी की गई। बच्चों को उपयुक्त उपचार सलाह एवं दवाईयों का वितरण भी निःशुल्क किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य कर्मचारी, आशा वर्कर एवं स्थानीय अध्यापक भी मौजूद रहे। सभी ने इस स्वास्थ्य शिविर के लिए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर व प्रयास संस्था का धन्यवाद किया।



## संक्षिप्त खबरें

### कॉलेज छात्रा का अश्लील वीडियों बनाकर बदनाम करने की धमकी

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। उपमंडल बंगाणा** के तहत एक गांव की कॉलेज छात्रा को अश्लील वीडियो बनाकर दो दोस्तों द्वारा बदनाम करने धमकी मिली है। छात्रा ने जान से मारने की भी धमकी देने का आरोप लगाते हुए बंगाणा पुलिस को दी शिकायत दी है। पुलिस ने छात्रा की शिकायत के आधार पर दोनों के खिलाफ मामला दर्ज जांच शुरू कर दी हैं। पुलिस को दी शिकायत में उपमंडल बंगाणा के एक गांव की युवती ने बताया कि वह जिला कांगड़ा के एक प्राइवेट विवि में फामेर्सी कर रही है। छात्रा का कहना है कि उपमंडल बंगाणा के दो दोस्तों ने अश्लील वीडियो बनाकर मुझे गलत ढंग से बदनाम करने की धमकी देते है कि तुम्हे उठा लेंगे। छात्रा का आरोप हैं कि एक वर्ष पहले भी इन दोनों युवकों द्वारा फोन पर धमकियां दी थी, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई थी। अब फिर से दोनों युवकों ने फिर से तंग करना शुरू कर दिया। दोनों युवकों द्वारा फोन पर मुझे व मेरी माता को जान से मारने की धमकियां दी जाने लगी। छात्रा का कहना हैं कि दोनों में से एक युवक ने उसका अश्लील वीडियो भी बनाया हैं, जिसको लेकर बदनाम करने की धमकियां देते रहते हैं। एसपी ऊना अर्जित सेन ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस ने छात्रा की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

### बलविंद्र कौर व मिनाक्षी बनी भाजपा महिला ऊना मंडल की महामंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। ऊना भाजपा** मंडल महिला मोर्चा की पदाधिकारी और कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए ऊना मंडल की महिला मोर्चा अध्यक्षा रीना शर्मा ने बताया कि विधायक ऊना सदर सतपाल सिंह सत्ती, मंडल अध्यक्ष हरपाल सिंह गिल व महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष अनू ठाकुर और मंडल के शीर्ष नेतृत्व की सहमति से 17 पदाधिकारीयों को मनोनीत कर कार्यकारिणी का गठन किया गया है। नई मंडल कार्यकारिणी में 40 नए सदस्यों को शामिल किया है। रीना शर्मा ने बताया कि बलविंदर कौर एवं मिनाक्षी चौधरी को मंडल महामंत्री का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार उपाध्यक्ष के पद पर सविता शर्मा, हरपाल कौर, बेबी ठाकुर, मंदीप कौर, सुनीता ठाकुर और सचिव पद के लिए कृतिका, चंचला, मंजू, मेनका, सरोज बाला साथ ही कोषाध्यक्ष पद पर अमिता व राजरानी को कार्यालय सचिव बनाया गया है। इसी कड़ी में मीडिया प्रभारी के रूप में नीलम, सोशल मीडिया प्रभारी के रूप में अर्पण कुमारी व आईटी प्रभारी का दायित्व नीलम को सौंपा गया है। रीना शर्मा ने बताया कि अगले कुछ दिनों में विशेष आमंत्रित सदस्य की सूची को भी जल्द जारी किया जाएगा। रीना शर्मा ने बताया कि मंडल कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कमलेश सैणी, मंजीत कौर, राज रानी, हरजिंदर कौर व भगवती, रजिंदर कौर व गगन दीप कौर सहित अन्यों को शामिल किया गया है। रीना ने बताया कि जल्द ही मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन कर आगामी संगठन के कार्य को गति देने के लिए आयोजित की जाएगी।

### सोहारी में एक पशुशाला में लगी आग, हजारों का नुक्सान

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। उपतहसील जोल** की ग्राम पंचायत सोहारी के गांव राम नगर में एक पशुशाला की दूसरी मंजिल में आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग ने टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर नियंत्रण पाया। वहीं पुलिस ने मामले को दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। जानकारी के मुताबिक सुरेश गर्ग निवासी सोहारी की पशुशाला में रविवार देर शाम अचानक आग लग गई। आग देख स्थानीय लोग एकत्रित हो गए और सुरेश गर्ग को पशुशाला में आग के बारे में सूचित किया। स्थानीय लोगों ने आग पर नियंत्रण पाने का प्रयास शुरू किया और दमकल विभाग को सूचित किया। दमकल विभाग ने मौके पर पहुंचकर आग पर नियंत्रण पाया। आग की घटना में हजारों रुपये का नुक्सान हुआ है। डीएसपी हेडक्वार्टर अजय ठाकुर ने बताया कि पुलिस को लेकर जांच कर रही है।



## सरकार दो दशकों से रुकी कर्मचारी भत्तों में वृद्धि पर शीघ्र ले निर्णय: रजनीश



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**अराजपत्रित कर्मचारी** महासंघ ने अपने 58वें स्थापना दिवस पर विश्राम गृह ऊना में कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता महासंघ के प्रधान रजनीश शर्मा ने की। कार्यक्रम में शहीद कर्मचारियों को याद कर उनके योगदान को नमन किया गया। प्रधान रजनीश शर्मा ने प्रशासनिक ट्रिव्यूनल की बहाली पर प्रदेश सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने कर्मचारियों के लिए ओपीएस जैसी स्कीम को पुनः बहाल कर कर्मचारी हितैषी होने के कई सकारात्मक निर्णय लिए हैं। बावजूद इसके कर्मचारियों की वर्षों से चली आ रही कई मांगों पर सरकार की से ध्यान नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में पिछले दो दशकों से कर्मचारियों के भत्तों में कोई वृद्धि नहीं की गई है। जिला मुख्यालय पर तैनात कर्मचारियों को 300 से 1000 रुपए की दर से आवासीय भत्ता मिल रहा है, जो वर्तमान की महंगाई दर की अपेक्षा किसी भी सूरत में तर्कसंगत नहीं है। उन्होंने कर्मचारियों की ओर से राज्य सरकार से यह मांग की है कि कर्मचारियों को मिलने वाले अन्य भत्तों जैसे आवास, यात्रा, सीए, सीसीए, स्पैशल पे आदि रिवाइज किए जाएं और वर्तमान परिपेक्ष्य के अनुरूप इनमें वृद्धि की जाए। इसके अलावा पे-एरियर की भी अभी तक केवल एक ही किश्त जारी की गई है, जबकि डीए की भी किश्त एक वर्ष से ऊपर का समय हो गया है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि कर्मचारीवर्ग इससे बहुत निराश है तथा इन्हें शीघ्र जारी किया जाए।

इस अवसर पर महासंघ के वरिष्ठ उपप्रधान तारा सिंह, महासचिव राजेश कुमार, संयुक्त सचिव भरत भूषण, प्रधान सिटी एनजीओ भाग सिंह, राजीव पाठक व रमन कुमार, महासंघ के खंड हरोली के प्रधान हरजिंदर सिंह, महासचिव प्रेम जसवाल, बंगाणा के प्रधान प्रकाश चंद, गगरेट के प्रधान रविन्द्र सिंह, अंब के प्रधान मनोज कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सरकारी कर्मचारियों के तबादलों पर इस दिन से पूर्ण प्रतिबंध

**शिमलाः** हिमाचल प्रदेश सरकार ने कर्मचारियों के तबादलों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। अब मंगलवार से अति आवश्यक और प्रशासनिक जरूरत होने पर सिर्फ मुख्यमंत्री की मंजूरी से ही तबादले हो सकेंगे।इस संबंध में सोमवार शाम कोमुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना की ओर से सोमवार शाम को प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, मंडलायुक्तों और जिला उपायुक्तों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। कार्मिक विभाग की ओर से जारी इन निर्देशों के तहत सरकार ने 21 नवंबर से सरकारी कर्मचारियों-अधिकारियों के तबादलों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है।

## स्नातन में नारीशक्ति की प्रगाढ़ श्रद्धा समाज में सम्भाले हुए है धर्म : धूमल

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**एक घड़ी आधी** घड़ी आधी में पुनिआध तुलसी संगत साधु की हरे कोटि अपराध। कवि तुलसीदास जी की सुसंगति के महत्व का बखान करती हुई इन पंक्तियों के साथ गोपष्टमी के अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने हमीरपुर के ठाकुरद्वारा गौशाला जमली धाम में उपस्थित लोगों को शुभकामनाएं देते हुए सम्बोधित किया।



**एक घड़ी आधी घड़ी आधी में पुनिआध तुलसी संगत साधु की हर कोटि अपराधः धूमल**

इस मौके पर ठाकुरद्वारा गौशाला जमली धाम में गौ पूजन का अनुष्ठान हुआ। इस मौके पर गौ पूजन करने के लिए विशेष रूप से प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल भी पहुंचे। उन्होंने गौ पूजन किया और हवन यज्ञ में आहुति भी डाली। इसके उपरांत पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल वहां मौजूद मातृशक्ति व अन्य श्रद्धालुओं के साथ श्रीमद्भागवत अमर कथा भगवत भी सुना।

## 'क्षय रोग मुक्त बनाने के लिए पंचायत स्तर पर होगा पंचायतीबी फॉरम का गठन'

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**उपायुक्त शिमला** आदित्य नेगी की अध्यक्षता में गत दिवस को जिला क्षय रोग फॉरम एवं जिला क्षय रोग उन्मूलन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जिला को क्षय रोग मुक्त बनाने के उद्देश्य से टीबी मुक्त पंचायत अभियान के अंतर्गत पंचायत स्तर पर पंचायत टीबी फॉरम का गठन किया जाएगा। यह समिति पंचायत स्तर पर क्षय रोग उन्मूलन के लिए कार्य करेगी। टीबी मुक्त पंचायत अभियान के अंतर्गत ही टीबी फ्री ग्राम पंचायत के लिए अनिवार्य मापदंड तैयार किए गए हैं, जिसमें साल में एक हजार लोगों की जनसंख्या में से कम से कम 30 टीबी टेस्ट करवाने अनिवार्य है तथा एक साल में एक से अधिक का टेस्ट पॉजिटिव नहीं होना चाहिए। टीबी फ्री पंचायत को जिला स्तर पर प्रशस्ति पत्र से नवाजा जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि जिला में 1475 क्षय रोग से ग्रसित लोगों में से 813 मरीजों का ईलाज चल रहा है तथा अन्य ने अपना ईलाज पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि जिला में मृत्यु दर कम करने के लिए टीबी केयर मॉडल को अपनाया जाएगा, जिसके तहत उपचार के बाद मरीज की अनुवर्ती जांच की जाएगी। आदित्य नेगी ने कहा कि निक्षय मित्र कैंपेन के अंतर्गत एसजेवीएन के सौजन्य से पोषण किट की खरीद के लिए 43 लाख रुपये की राशि प्रायोजित हुई है, जिसकी पहली किस्त जिला रेडक्रॉस सोसायटी के बैंक अकाउंट में स्थानांतरित भी की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिला शिमला में 348 रोगियों को विभिन्न निक्षय मित्रों द्वारा अपनाया गया है। पिछले दो साल से एनसीसी सर्वे के तहत जिला को रजत पदक से नवाजा गया है तथा इस वर्ष आकलन के अनुसार स्वर्ण पदक के लिए दावा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त योजना के तहत टीबी रोगी की सूचना देने तथा उसके ईलाज से संबंधित सहायता एवं रोगी के बैंक अकाउंट खोलने में सहायता पर क्रमशः 500, 250 एवं 50 रुपये के नकद ईनाम का प्रावधान किया गया है। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेखा चौपड़ा तथा अन्य स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## राज्य स्तरीय ब्रास बैंड प्रतियोगिता में डीएवी हमीरपुर के छात्र पहले स्थान पर

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**स्कूली शिक्षा,** साक्षरता विभाग और शिक्षा मंत्रालय द्वारा रक्षा मंत्रालय के सहयोग से डाइट सोलन में समग्र शिक्षा के तहत आयोजित राज्य स्तरीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता में डीएवी हमीरपुर के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर पूरे प्रदेश मे प्रथम स्थान में हासिल किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन आयोजन 17 नवम्बर, 2023 को सोलन के ठोडो मैदान में किया गया था। जिसमें राज्य भर से कई टीमों ने भाग लिया तथा ब्रास बैंड बॉयज में डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर पहले स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के समापन में समारोह में स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल के बेटे कर्नल संजय शांडिल ने डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर की 25 सदस्यों की ब्रास बैंड टीम के विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

स्कूल पहुंचने पर बैंड टीम का भव्य स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य विश्वास शर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष भी छात्रों ने ऑनलाइन राज्य स्तरीय बैंड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर डीएवी हमीरपुर का नाम रोशन किया था और इस साल भी इस वर्चस्व को कायम रखते हुए ब्रास बैंड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर न केवल अपने विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



## सुनील शर्मा बिट्टू करेंगे राष्ट्रीय महिला फुटबाल चैंपियनशिप का उदघाटन

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**महिलाओं की** सीनियर नेशनल फुटबाल चैंपियनशिप 2023-24 के ग्रुप-एफ के मुकाबले मंगलवार से अणु स्टेडियम में आरंभ होंगे। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार एवं हिमाचल प्रदेश फुटबाल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील शर्मा बिट्टू दोपहर एक बजे अणु स्टेडियम में नेशनल फु टबाल चैंपियनशिप का शुभारंभ करेंगे। हिमाचल प्रदेश फु टबाल एसोसिएशन और जिला फु टबाल एसोसिएशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार नेशनल चैंपियनशिप के ग्रुप-एफ में हिमाचल प्रदेश, भारतीय रेलवे, बिहार, अंडमान निकोबार और महाराष्ट्र की टीमें शामिल हैं। प्रतियोगिता के लिए सभी आवश्यक प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं और अधिकांश टीमें हमीरपुर पहुंच गई हैं।



## कांग्रेस की आपसी खींचतान में प्रदेश की जनता पिस रही है : जम्वाल

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**भाजपा मुख्य प्रवक्ता** राकेश जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस की आपसी खींचतान में प्रदेश की जनता पिस रही है और कांग्रेस की खींचतान के चर्चे एवं उदाहरण जगजाहिर है। काग्रेस मुख्यमंत्री, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष, कांग्रेस के विधायक, कांग्रेस के मंत्री, कांग्रेस के संतरी, सभी आपसी खींचतान से ग्रस्त है। जिसके कारण वह स्वयं भी परेशान है और जनता भी परेशान है। उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने सीपीएस तो बना दिए पर मंत्री के कुछ पद अभी तक खाली है। कांग्रेस के नेताओं ने कई बार इनकी घोषणाओं की चर्चा करी, पर अभी तक कुछ नहीं हुआ। पर गौरतलब जो मंत्री बन गए हैं वह केवल नाम के है, इन मंत्रियों की पहुंचे तो बहुत बड़ी है परंतु उनके अपने जिले में भी उनकी पहुंच नहीं है। कई जगह तो ऐसा दृश्य भी सामने आया कि जो लोग जनप्रतिनिधि नहीं है वह भी सार्वजनिक कार्यक्रमों में लोकार्पण कर रहे हैं और उनके नाम उदघाटन पत्रिकाओं पर भी है। क्या यह संकेत है कि एक विधानसभा क्षेत्र में भी कांग्रेस के नेताओं में खींचतान चल रही है? उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व कि अपने दोस्तों के ऊपर बहुत मेहरबानियां है, पर उनका बोझ भी है। दोस्तों को बड़े-बड़े ओहदे दे दिए हैं।



## न्यूज फ्लैश

### बिजली निगम कर्मियों ने कार्यकारी अभियंता का पुतला फूंक जताया रोष

**जींद : ऑल** हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के आह्वान पर सोमवार को जींद यूनिट ने कार्यकारी अभियंता की कार्यशैली के रोष स्वरूप प्रदर्शन किया और पटियाला चौक पर पुतला फूंका। इस दौरान बिजली कर्मियों ने जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनिट प्रधान राकेश ईक्कस ने की और संचालन संजीव ढांडा ने किया। धरने को संयुक्त रूप से संबोधित करते हुए राज्य प्रधान सुरेश राठी और सर्कल सचिव धर्मबीर भम्भेवा ने कहा कि कार्यकारी अभियंता जींद द्वारा जिस प्रकार का माहौल जींद डिवीजन में किया गया है वो अफरा-तफरी और कर्मचारियों में अपनी तानाशाही रवैया दिखाने जैसा है। भाई-भतीजावाद को बढावा दिया जा रहा है। इसी के चलते कर्मचारियों के तबादले चार्जशीट किए जा रहे हैं। निगम के नियमों की अवेहलना करते हुए तबादले कर रहे हैं और गलत सूचना उच्च अधिकारियों को भेज कर सब स्टेशन स्टाफ के तबादले करवाए गए हैं। इसी को लेकर वो पिछले 27 दिन से धरना भी दे रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं की तरफ कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। इसी को लेकर अधीक्षक अभियंता से बैठक के बाद ही आंदोलन को लेकर अहम निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मांगों का समाधान नहीं हुआ तो बिजली कर्मी ठोस कदम उठाने को मजबूर होंगे। इस मौके पर राज्य ऑडिटर रामफल दलाल, राज्य कमेटी सदस्य रामबीर, मा. बलबीर, रमेश चंद्र, कपूर, अमित खटकड़, बलवान नेहरा, अनूप,सतीश, सुशील ईक्कस, राजेंद्र शर्मा, सुनीता कालीरामण ने भी बिजली कर्मियों को संबोाित किया।

### गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय ने कई रोजगारपरक कोर्स आरंभ किए

**हिसार : गुरु जम्भेश्वर** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि विश्वविद्यालय ने इस सत्र से कई रोजगारपरक कोर्स आरंभ किए गए हैं। ये कोर्स समय की मांग हैं। इसके साथ ही नई शिक्षा नीति के तहत विश्वविद्यालय की शिक्षा व्यवस्था में आवश्यक परिवर्तन किए जा रहे हैं। कुलपति प्रो. नरसीराम सोमवार को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परिषद की 61वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपने विचार रख रहे थे। बैठक का संचालन विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर ने किया। कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने कहा कि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर करने के लिए इस बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए है।

### तीसरे जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में वूलफैब की



### शुरूआत

**नई दिल्ली। तीसरे** जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर, वूल फैब, ऊनी उत्पादों की एक विशेष हथकरघा प्रदर्शनी 17 नवंबर 2023 को हैंडलूम हाट, जनपथ, नई दिल्ली में शुरू हुई। प्रदर्शनी 30 नवंबर, 2023 तक सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक जनता के लिए खुली रहेगी।
2 दशकों से अधिक की अवधि में, यह प्रदर्शनी राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (रा॰ह॰वि॰नि॰) के माध्यम से विकास आयुक्त (हथकरघा), वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एक ऐसी पहल है जिससे हथकरघा बुनकर, देश के विभिन्न शहरों में अपने उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं को बिक्री कर सकते हैं। प्रदर्शनी में राज्य सरकार की एजेंसियां/शीर्ष निकाय, प्राथमिक हथकरघा बुनकर सहकारी समितियां, निमार्ता कंपनी, अन्य हथकरघा एजेंसियां एवं हस्तशिल्प कारीगर शामिल हैं। 09 राज्यों की 75 हथकरघा बुनकर एवं हस्तशिल्प कारीगर भाग ले रहें हैं। भारत में रोजगार क्षमता की दृष्टि से कृषि क्षेत्र के उपरान्त हथकरघा ही सबसे बड़ा क्षेत्र है जहां 35 लाख लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला हुआ है। हथकरघा बुनाई के साथ हमारी परम्पराएं जुड़ी हुई है तथा प्रत्येक क्षेत्र की अपनी एक खास कारीगरी है। कानी शॉल, पश्मीना शॉल, कुल्लू शॉल, जैकेट, मफलर, स्टोल, कोट, ऊनी सूट, काफ्तान, कंबल, बेडशीट और फेरन जैसे कुछ नाम विशिष्ट बुनाई, डिजाइन और पारंपरिक रूपांकनों के साथ दुनिया भर में ग्राहकों को आकर्षित करते हैं। हथकरघा उत्पादों के लिए हैण्डलूम मार्क रेशमी उत्पादों की वास्तविकता के लिए सिल्क मार्क तथा पर्यावरण पर शून्य दोष और शून्य प्रभाव वाले उच्च गुणवत्ता वाले हथकरघा उत्पादों की ब्रांडिंग के लिए "इंडिया हैण्डलूम ब्रांड" योजना शुरू की है। अद्वितीय कारीगरी का प्रचार हो और उसे एक विशिष्ट पहचान मिले। यह उपभोक्ताओं को इस बात का आश्वासन भी देता है कि उनके द्वारा खरीदा गया उत्पाद वास्तविक रूप से हाथ का ही बुना हुआ है।

# जन संवाद की पहल से लोगों की समस्याएं हुई हल : मोहन लाल

## इंद्री विधानसभा के विभिन्न गांवों में पहुंचने पर ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। पूरे प्रदेश** में आयोजित किये जा रहे जन संवाद कार्यक्रम पूरी तरह रंग ला रहे हैं। जन संवाद में लोगों की समस्याओं का मौके पर निदान किया जा रहा है। यह बात राई से विधायक मोहन लाल कौशिक ने इंद्री विधानसभा क्षेत्र के पाँच गांव में उमडे जन सैलाब को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान विधायक का पगड़ी व शाल भेंट करके ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।
विधायक मोहन लाल कौशिक ने कहा कि वह इस सम्मान को कभी नहीं भूलेंगे। उन्होंने लोगों से मिले आशीर्वाद के लिए सभी का आभार प्रकट किया। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार का 9 साल का कार्यकाल उपलब्धियां से भरा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में देश व प्रदेश ने विकास के चरम को छुआ है। मेरे लिए यह सौभाग्य का अवसर है कि मुझे ईमानदार मुख्यमंत्री के साथ कार्य करने का मौका मिला।
उन्होंने कहा कि पांचों गांवों की तरफ से जो मांग पत्र दिए गए हैं, उन्हें मुख्यमंत्री के समक्ष जल्द ही प्रस्तुत किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने कुंजपुरा, घीड़, ब्याना, बीबीपुर ब्राह्मद्राण व गढ़ी बीरबल गांव में पहुंचकर आमजन की समस्याएँ सुनी और उनके निदान के लिए सबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।
कौशिक ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच है कि हर आदमी को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार करते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ नौकरियां देने का काम किया है।
जन संवाद उन लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है जो घर से अपनी समस्या को लेकर संबंधित कार्यालय नहीं पहुंच पाते व अपनी समस्या प्रस्तुत करने से हिचकिचाते है।

## दुर्गा कॉलोनी में बंद मकान में लगी आग



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**दुर्गा कॉलोनी** स्थित एक बंद घर में अचानक आग लग गई। आग लगने से कार समेत अन्य कीमती सामान जलकर राख हो गया। आगजनी के समय घर पर परिवार का कोई भी सदस्य मौजूद नहीं था। घर के सभी सदस्य विदेश गए हुए हैं। सूचना के बाद पुलिस व फायर ब्रिगेड की गाडियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि शॉर्ट सर्किट के कारण घर में आग लगी है। कुछ ही देर में आग की लपटों ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। पड़ोसियों ने धुआं निकलता देख फायर ब्रिगेड को सूचना दी। इसके बाद दो गाडियां मौके पर पहुंची और कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पडोसियों ने बताया कि घर का मालिक अपने पूरे परिवार सहित करीब 8-9 साल से विदेश में रह रहा है। उसने लोगों के पैसे देने थे और लोगों से बचने के लिए ही वह फरार है।
आज तक वह घर आया ही नहीं। घर खाली पड़ा था और कोई भी घर पर नहीं था।
जांच अधिकारी अधिकारी बलवान सिंह ने बताया कि उन्हें मकान में आग लगने की सूचना मिली थी। कोई हताहत नहीं हुआ है। घर का सामान जला है और एक कार भी जल गई है। मकान मालिक परिवार सहित विदेश गया हुआ है। दमकल विभाग की गाडियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया है।

## 'कांग्रेस सरकार बनते ही प्रॉपर्टी आईडी, फेमिली आईडी के झंझट से मिलेगा छुटकारा'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान हरियाणा कांग्रेस व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में हरियाणा में कांग्रेस का 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान सफलतापूर्वक चल रहा है।
कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उन्हे कांग्रेस सरकार की हितैषी नीतियों से अवगत करा रहे हैं।
सचिन कुंडू ने हल्का पानीपत ग्रामीण की *बबैल रोड़ बलजीत नगर* में 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान चलाया गया ।और जनता को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार की नाकामियों को उजागर करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपाझजजपा सरकार की खराब मानसिकता को जनता के समक्ष पेश किया। सचिन कुंडू ने कहा कि बीते 9 वर्षों में प्रदेश में आए दिन हत्या, फिरौती बलात्कार, लूट आदि जुर्म की वारदातें लागातर बढ़ती जा रही है और वर्तमान सरकार ने आंखें बंद की हुई हैं। प्रदेश की जनता जनविरोधी बीजेपी-जेजेपी सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी। आगे बोलते हुए सचिन कुंडू ने कहा कि हल्का पानीपत ग्रामीण की समस्त कालोनियों में किसी प्रकार की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। सड़कें टूटी हुई हैं व जगह जगह खड्डे हुए पड़े हैं, सीवरेज नहीं हैं नालियों बंद पड़ी हैं का पानी रास्तों में भर रहा है, जगह जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं जिससे कई प्रकार की बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है, पीने के पानी की कोई सुविधा नहीं है। जनता अपने मूलभूत अधिकारों के लिए बेहद परेशान है। परंतु सरकार ने कालोनीवासियों की मांगो को नजरंदाज कर दिया है ।
वर्तमान सरकार में किसान अत्यंत दुखी हैं, उद्योग जगत चौपट पड़े हैं, युवा बेरोजार सड़कों पर घूम रहे हैं।

## कंपनी से सामान चोरी, तीन गिरफ्तार

**सोनीपत : राई क्षेत्र** के अंतर्गत एक कंपनी से एल्यूमीनियम धातु का सामान चोरी करने के आरोप में सोमवार को तीन आरोपी पुलिस ने गिरफ्तार किए हैं। पुलिस ने चोरी का सामान बरामद कर लिया है। गोहाना के एक और मामले में चोरीशुदा मोबाइल फोन व नकदी बरामद की। गिरफ्तार आरोपियों में जठेड़ी जिला सोनीपत निवासी सूरज, संदीप और अंशुल शामिल हैं। सोनीपत के सुदाम नगर निवासी हरीश ने गत 19 नवम्बर को थाना राई में शिकायत दी थी कि वह कंपनी में फाईनैंस मैनेजर है। उन्होंने कहा कि हेल्पर सूरज ने अपने दोस्त संदीप के साथ मिल कर कंपनी से एल्यूमीनियम धातु की चोरी की। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया और कार्रवाई करते हुए जांच टीम में नियुक्त मुख्य सिपाही प्रीतम ने पुलिस टीम के साथ तीन आरोपियों सुरज, संदीप व अंशुल को गिरफ्तार किया। आरोपियों से चोरीशुदा सामान बरामद कर लिया गया है।

## जागरण में जा रहे कलाकारों पर हमला, दो घायल, रास्ते में घेर कर की मारपीट



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। एसपी कॉलोनी** में जागरण में झांकी दिखाने वाले कलाकारों के साथ मारपीट करने व कार के शीशे तोडने का मामला सामने आया है। कलाकार जागरण में हिस्सा लेने के लिए सोनीपत जा रहे थे। कार में एक लडकी भी सवार थी। मारपीट में दो लोग घायल हुए हैं, जिन्हें जिला नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।
पीड़ित मनोज ने बताया कि वे जागरण में झांकी दिखाने का काम करते हैं। घर से सोनीपत के लिए निकले थे। घर के पास ही कई लडकों ने उन पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। हमले का कारण पुरानी रंजिश है। इन युवकों के साथ पहले भी झगड़ा हो चुका है, लेकिन यह मामला थाने में ही समझौते के साथ निपट गया था। उसने बताया कुछ दिन पहले पड़ोस में रहने वाले लोगों से झगड़ा हुआ था। इस मामले में थाने में समझौता हो गया था। इसी रंजिश में उन पर हमला किया गया।
मनोज का आरोप है कि पड़ोसियों ने खुद मारपीट नहीं की, बल्कि युवकों को बाहर से बुलाकर हमला करवाया। गाड़ी में उस समेत 3 लोग सवार थे, जिसमें एक लडकी भी शामिल है। गाड़ी का शीशा भी तोडकर गए हैं। कार में सवार लडकी ने बताया कि मैं और मनोज गाड़ी में बैठे थे। गाड़ी के पीछे ही उनके तीसरे साथी के साथ मारपीट की जा रही थी। मनोज गाड़ी से उतरकर देखने ही लगा था कि हमलावरों ने पीछे से सिर में ईंट मारी।

## कार ने दो छात्रों को कुचला, एक की मौके पर मौत, दूसरा पीजीआई रेफर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिले के** गांव उपलाना बस अड्डा के नजदीक तेज रफ्तार कार ने दो छात्रों को कुचल दिया। इनमें एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे करनाल से पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया है।
पुलिस ने रात को छात्र के शव को कब्जे में लेकर कस्बा असंध के पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया था। आज दोपहर को पुलिस ने छात्र के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के हवाले कर दिया। वहीं आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है।
रविवार की शाम करीब 6 बजे गांव ठरी का 17 वर्षीय समर अपने चचेरे भाई चांद राम के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने किसी पर्सनल काम के लिए असंध जा रहा था। जैसे ही उपलाना बस अड्डा पार किया तो रास्ते में दोस्त संजू मिल गया, जो कि गांव अलावला का रहने वाला है। दोनों एक ही स्कूल में 10वीं कक्षा में पढ़ते थे। समर ने दोस्त को देखकर बाइक रूकवा ली थी। साइड में बाइक लगा दी और समर अपने दोस्त संजू से बातचीत करने लगा, जबकि उसका चचेरा भाई चांद राम साइड में बाथरूम करने के लिए झाडि?ों में उतर गया।
चांद राम ने बताया कि जब वह लघुशंका कर रहा था तो इसी दौरान



असंध की तरफ से आई एक तेज रफ्तार कार ने दोनों छात्रों को कुचलते हुए साइड में खड़ी बाइक को टक्कर मारी। टक्कर के धमाके से वह सन्न सा रह गया। वह जैसे ही बाइक के पास आया तो बाइक के परखच्चे उड़े हुए थे और समर सडक पर व उसका दोस्त संजू सडक के किनारे कच्ची जगह में लहूलुहान हालत में पड़ा हुआ था। इस हादसे में बाइक के परखच्चे उड? के साथ गाड़ी का अगला हिस्सा भी बुरी तरह से दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।
चांद राम ने बताया कि जब वह अपने भाई समर के पास गया तो उसने मेरी आंखों के सामने ही दम तोड़ दिया। भाई की मौत देखकर वह बुरी तरह से टूट चुका था। उसे कुछ समझ नहीं आ रहा था कि वह क्या करे। हादसा होता देख आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो चुके थे, जिन्होंने पुलिस को हादसे की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। चांद ने बताया कि समर तीन भाइयों में सबसे छोटा था और 10वीं कक्षा में पढ़ रहा था। सबसे छोटा होने के कारण पूरे परिवार का दुलारा था। समर के पिता रामपाल कंबाइन मशीन पर काम करते हैं। वहीं इस हादसे में घायल संजू को गंभीर अवस्था में करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया। जहां डॉक्टरों ने संजू का उपचार शुरू किया, लेकिन हालत गंभीर होने की वजह से उसे चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया।
असंध थाना के प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि वारदात के बाद आरोपी कार चालक गाड़ी को मौके पर छोडकर फरार हो गया था।

## नाबालिग के साथ हुई छेडखानी, मां ने विरोध किया तो की हाथापाई

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिले के** एक गांव में नाबालिग के साथ छेड़छाड़ किए जाने का मामला सामने आया है। गांव के ही 3 लोगों पर नाबालिग ने कमरे में बुलाने, पीछा करने व भद्दे कमेंट करने के आरोप लगे हैं। मां ने जब इसका विरोध किया तो उसके साथ हाथापाई की गई। पुलिस ने तीनों के खिलाफ केस दर्ज किया है। नाबालिग 10वीं कक्षा तक पढ़ी है। किन्हीं कारणों से परिजनों ने बीच में ही पढ़ाई छुड़वा दी थी। महिला ने बताया कि रविवार शाम को वह सुबह आठ बजे अस्पताल चली गई थी। शाम को करीब आठ बजे वापस लौटी। इस दौरान नाबालिग ने बताया कि पड़ोस के तीन लोग उसका पीछा करते हैं और गंदी-गंदी टिप्पणी भी करते हैं। इतना ही नहीं उसका हाथ भी पकड़ते हैं और कमरे में बुलाते हैं। यह सुनने के बाद मां का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया और वह आरोपियों के घर पहुंच गई। ऐसा करने का कारण पूछने पर उन लोगों ने उसके साथ ही हाथापाई शुरू कर दी। इतना ही नहीं आरोपियों ने महिला को जान से मारने की भी धमकी दी।
महिला ने बताया कि उसकी 3 लड़कियां और एक बेटा है। वह भी काम पर चली जाती है और पति भी काम के लिए निकल जाता है। घर पर कोई नहीं रहता। 2 बेटियां स्कूल जाती हैं, जबकि एक नाबालिग बेटी 4 साल के बेटे के साथ रहती है। महिला ने बताया कि उसे अपनी बेटियों की सुरक्षा का खतरा है। सेक्टर 32-33 थाना के प्रभारी सुलिन्द्र कुमार ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस मामले में हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है।

## हेड कांस्टेबल ने की जिला पार्षद से अभद्रता

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
**जिला** पार्षद से थाना चार कैथल के एएसआई द्वारा की गई बदतमीजी के बाद खाप पंचायत जिला सचिवालय पहुंची और रोष प्रकट किया। खाप पंचायतों में बालू खाप, मटौर खाप, माजरा खाप, सारन खाप और कलायत सरपच एशोसिएशन के प्रतिनिधि शामिल थे। खाप प्रतिनिधि सोमवार को एसपी उपासना से मिले और उन्हें बताया कि थाना शहर कैथल के हेड कांस्टेबल बलजोरा ने वार्ड नंबर 4 के जिला पार्षद दीप से थाने में अभद्र व्यवहार किया गया है। जिसे लेकर उनके अंदर रोष है। एसपी ने उनकी बात को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें डीएसपी हेड क्वार्टर से मिलने के लिए कहा। डीएसपी पंचायत प्रतिनिधियों को मामले में उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## स्वामी ज्ञानानंद जी ने बताया गौमाता की पूजा का महत्व

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**श्री राधा** कृष्ण गौशाला अर्जुन गेट के प्रांगण में गोपाष्टमी का पर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इस दिन हिन्दू धर्म में भगवान कृष्ण एवं गौ माता की पूजा की जाती है। हिन्दू धर्म में गाय का स्थान माता के तुल्य माना जाता है। शास्त्रों ने भी इस बात की पुष्टि की है। गौमाता में 33 करोड़ देवी-देवताओं को वास होता है। इस दिन पूजा करने से सभी फल प्राप्त होते हैं। आज गौशाला के प्रांगण में श्री महामण्डेलश्वर गीतामनीषी स्वामी ज्ञानानन्द जी महाराज ने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को अपने प्रवचन में गौमाता के बारे में विस्तार से बताया और गौमाता की पूजा का महत्व बताया। गायों को चारा खिलाकर एवं गुड़ खिलकर उनकी पूजा भी की। श्री



राधा कृष्ण गौशाला अर्जुन गेट के प्रधान कृष्ण लाल तनेजा एवं संचालक कैलाश चंद गुप्ता ने गौशाला की सभी गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संचालक व पूर्व मंत्री शशि पाल मेहता ने मंच के माध्यम से आये हुए सदस्यों एवं सभी श्रद्धालुओं व सदस्यों का स्वागत व धन्यवाद भी किया। महासचिव हरमीत सिंह हैप्पी ने बताया कि गौशाला में गौ सेवा का कार्य प्रतिदिन श्रद्धापूर्वक निस्वार्थ भाव व दानी सज्जनों के सहयोग से चल रहा है। मिले सुर मेरा तुम्हारा एवं सारिका भाटिया सेवा ट्रस्ट की भजन मण्डली द्वारा राधा कृष्ण के भजनों ने संगत का मन मोह लिया मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, मेयर रेनू बाला गुप्ता, मुख्यमंत्री के मिडिया कोर्डिनेटर जगमोहन आनंद, मुख्य संरक्षक अजीत सिंह चावला, रतन लाल बंसल, चेयरमैन, महेश भाटिया, प्रधान कृष्ण लाल तनेजा, वाईस चेयरमैन सुनील चावला, चीफ डायरेक्टर विनीत भाटिया, वरिष्ठ उपप्रधान विनोद खेतरपाल, महासचिव हरमीत सिंह हैप्पी, कोषाध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, सचिव विपिन शर्मा, सह सचिव रवि चानना, महाप्रबंधक जगन्नाथ बत्तरा, व्यवस्था प्रमुख जंग बहादुर, मैनेजर दीपक नारंग, रामा मदान, सरदार गुरबक्श सिंह मनचंदा, मनोज वधवा, रमेश मिड्ढा, विजय तनेजा, पार्षद मेघा भंडारी, संजय बत्रा, लाजपत राय चौधरी, अमित खुराना, श्याम बत्रा, विकास टंडन, अनिल ठकराल, राकेश नागपाल, गोपीचन्द आर्य, नवीन संदूजा, राजेश ग्रोवर, लाजपत राय चुचरा, रजनीश चोपड़ा, ज्ञान सिंह चावला एवं अश्वनी स्वामी आदि उपस्थित रहे।

## 'विकसित भारत संकल्प यात्रा में आमजन की भागीदारी की जाए सुनिश्चित'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। विकसित भारत** संकल्प यात्रा के सफल आयोजन को लेकर मुख्य सचिव संजीव कौशल ने सोमवार को चंडीगढ़ से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला उपायुक्तों के साथ प्रबंधों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी उपायुक्त अपने-अपने जिलों में सही तरीके से यात्रा का रूट प्लान तैयार किया जाए ताकि यात्रा के दौरान अधिक से अधिक लोंगो की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।
उन्होंने यह भी कहा कि यात्रा को लेकर गांव स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार करवाया जाए। वीसी में सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित



अग्रवाल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की पूरी रूप रेखा व किए जाने वाले प्रबंधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वीसी अन्य विभागों के उच्च अधिकारी भी मौजूद रहे।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर तैयारियां पूरी**

**जिला के करीब 120 गांवों में पहुंचेगी यात्रा : अनीश यादव**

वीसी में उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं। ब्लॉक व गांव स्तर पर अधिकारियों की डयूटियां लगा दी गई हैं जोकि गांव स्तर पर सभी आवश्यक प्रबंधों पर कड़ी नजर रखेंगे। उन्होंने बताया कि यात्रा के लिए जिला में रूट प्लान तैयार कर दिया गया है। जिसके अनुसार जिला में 25 नवंबर से लेकर 25 जनवरी 2024 तक करीब 120 गांवों को कवर किया जाएगा। यह कार्यक्रम करीब 60 दिन का रहेगा।
उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान जहा केंद्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी। वहीं यात्रा के दौरान गांव में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के माध्यम से आनलाईन सर्विस का भी पात्र व्यक्तियों को लाभ दिया जाएगा।
जिनमें मुख्यतः बुढ़ापा पैंशन व अन्य पैंशन में आ रही दिक्कतों का मौके पर ही समाधान किया जाएगा। इसके अलावा एक स्टॉल क्रिड का रहेगा जिसके द्वारा विभिन्न पोर्टल पर अपलोड या अन्य समस्याओं की सुनवाई कर मौके पर ही निपटारा किया जाएगा। जैसे आधार अथवा परिवार पहचान पत्र में कोई समस्या है तो उसका मौके पर ही हल हो सके। कृषि व बागवानी विभाग के अधिकारी विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी देंगे और किसान की समस्याओं का निराकरण करेंगे। उन्होंने बताया कि जिला में जितनी भी महत्वपूर्ण योजनाएं है उनके लाभार्थियों की सूची गांव वाईज व वार्ड वाईज तैयार करवा ली गई है ताकि उनके अनुभवों को मौके पर सांझा किया जा सके।

## चिन्हित और जघन्य अपराधों में पुलिस जांच में न आए कोई कमी: अनीश




**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**डीसी अनीश** यादव ने सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में चिन्हित अपराधों की जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि चिन्हित व जघन्य अपराधों में शामिल अपराधियों को हर हाल में सजा मिलनी चाहिए। इसके लिए अभियोजना पक्ष और जांच अधिकारी की ओर से कोई कमी न रहे तथा ऐसे मामलो में गवाहों की सुरक्षा भी सुनिश्चित रहनी चाहिए। अनीश यादव ने कहा कि जिला में चिन्हित अपराधों को लेकर हर मास बैठक कर मंथन किया जाता है, ताकि संगीन अपराधों में शामिल अपराधियों का हर हाल में सजा दिलवाई जा सके। उन्होंने कहा कि भारत ऐसा देश है, जिसमें एक न्याय प्रक्रिया से अपराधियों को सजा दी जाती है, यानि समझौता से अपराधियों को छोड़ देने का कोई कानून नहीं है। इसलिए संगीन अपराधों में एफएसएल रिपोर्ट तथा न्यायालय में चालान दाखिल करने से पहले उसे अच्छी तरह देखने पर जोर दिया जाता है। संगीन अपराधों में शामिल व्यक्ति बरी न हो, इसे लेकर जांच अधिकारी और पब्लिक प्रोसिक्यूटर को केस की अच्छे से स्टडी करने के लिए कहा जाता है।

# संपादकीय

## कर्नाटक में भाजपा और कांग्रेस दोनों में नेतृत्व का संकट

**अंदरूनी** कलह ने सरकार के कामकाज पर प्रतिकूल असर डाला है। राहुल और प्रियंका द्वारा किये गये अधिकांश चुनाव पूर्व वायदे अभी तक पूरे नहीं हुए हैं क्योंकि वरिष्ठ नेता होने के नाते मंत्री अपने-अपने नेताओं के लिए समर्थन जुटाने में व्यस्त हैं। लोकसभा चुनाव से पहले अंदरूनी कलह के कारण भी पार्टी में फेरबदल में बाधा आ रही है। कर्नाटक भाजपा में हाल के घटनाक्रम इस बात का खुलासे करते हैं कि अमित शाह, अपनी तथाकथित 'चाणक्य' प्रसिद्धि के बावजूद, पार्टी मामलों पर पकड़ खो चुके हैं और उनके पास विचारों की भी कमी है। केवल एक सप्ताह पहले, भाजपा नेतृत्व ने कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के छोटे बेटे, पहली बार विधायक बने बीवाई विजयेंद्र को राज्य इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया। इसे पुराने लिंगायत नेता बीएस येदियुरप्पा को एक बार फिर से पार्टी की कमान सौंपने की एक घुमावदार चाल के रूप में देखा जा रहा है, जिन्हेंइस साल मई में राज्य चुनाव के ठीक बीच में मोदी और शाह ने किनारा लगा दिया था ताकि पार्टी को लिंगायत ताकतवर नेता की छाया से दूर ले जाया जा सके। मोदी और शाह का वह निर्णय आत्मघाती साबित हुआ, क्योंकि लिंगायतों ने कांग्रेस के प्रति अपनी वफादारी बदल दी और कम से कम 30 निर्वाचन क्षेत्रों में उसकी जीत सुनिश्चित की। हालांकि भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं का दावा है कि विधानसभा में हार से सबक लेते हुए उन्होंने येदियुरप्पा को कमान सौंपी है, लेकिन इसका राज्य इकाई पर पहले ही हानिकारक प्रभाव पड़ चुका है। पार्टी की राज्य इकाई में बड़ी संख्या में प्रमुख लिंगायत चेहरे हैं। वे शाह और मोदी के इस कदम से आहत हैं और खुलेआम कहते हैं कि वे अपमानित महसूस कर रहे हैं। उनके पास वाजिब तर्क है। वे बीएस येदियुरप्पा का सम्मान करते थे, क्योंकि वह एक वरिष्ठ नेता थे और उन्होंने राज्य में पार्टी को पुनर्जीवित किया था। लेकिन उनके प्रति सम्मान को मोदी और शाह द्वारा यह समझना भूल है कि वरिष्ठ लिंगायत नेता नवसिखिये विजयेंद्र के आदेशों को सुनेंगे। उन्होंने यह कदम इसलिए उठाया क्योंकि मई 2023 की हार के बाद और 2024 के राष्ट्रीय चुनावों से पहले लिंगायत वोट पार्टी पर भारी है। भाजपा को उम्मीद है कि विजयेंद्र की स्थापना से लिंगायतों को पार्टी में वापस लाया जा सकेगा और 2019 के लोकसभा प्रदर्शन को दोहराने में मदद मिलेगी, जब उसने कर्नाटक में 28 में से 25 सीटें जीती थीं।

स्वाभाविक रूप से, राज्य इकाई के अध्यक्ष के रूप में विजयेंद्र की नियुक्ति के बाद भाजपा को 'वंशवाद की राजनीति' की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। वरिष्ठ लिंगायत नेताओं का मानना है कि राष्ट्रीय नेतृत्व के पास इस बारे में विचारों की कमी है कि राज्य में पार्टी का आधार कैसे बढ़ाया जाये और संभवतः उन्होंने कैडर-आधारित नेतृत्व प्रणाली विकसित करने की रणनीति को छोड़ दिया है। ध्यान रहे कि 2021 में येदियुरप्पा को मुख्यमंत्री पद से बीच में ही हटाया गया था। येदियुरप्पा जैसी प्रमुख जातियों के कद्दावर नेताओं को संदेश देते हुए कि वे अब पार्टी नेतृत्व पर अपनी शर्तें नहीं थोप सकते, और वंशवाद की राजनीति के खिलाफ अपने रुख का हवाला देते हुए, भाजपा ने 2018 में विजयेंद्र को चुनावी टिकट देने से इनकार कर दिया था और उन्हें 2021 और 2023 के बीच मंत्री पद से भी वंचित कर दिया था।

# आज दिल जीते हैं, कल फिर कप जीतेंगे

**डॉ सत्यवान सौरभ**

> "ऐसे हम दो कप जीत चुके। 2027 में फिर मेहनत करेंगे और हम जीतेंगे। मैच से पूर्व हमारे कप्तान साहब ने कांफ्रेंस में कहा था की एक गलती हमें भारी पड़ सकती है और फाइनल में गलती करी शुभमन गिल ने और दूसरी गलती श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव ने। आज हारे तो क्या हुआ? हारा तो पिछली बार ऑस्ट्रेलिया भी था। फिर भी आने वाले वर्ल्ड कप में अच्छी हम तैयारी करेंगे। सिर्फ एक हार से अब ठान लो। आगे अब हर बार इसका इंतकाम लेंगे। टीम में दो तीन ऑलराउंडर रखो। अपनी मनोस्थिति पर और दबाव पर काबू रखना सीखो। भौकाल से बचो। इस दर्द ने 20 साल पुराना जख्म कुरेद तो दिया लेकिन यह शिकस्त बहुत कुछ सीखा गई। धीरज रखो, हमारी टीम बहुत बहादुर है। आप प्रण करो अब हम किसी से किसी भी कीमत पर निपट लेंगे। कल फिर जीतेंगे"

**कप** जितने से बड़ी बात दिल जीतना होता है। क्रिकेट खत्म नही हो गया। 46 दिन में 45 दिन आप जीते हो। हमारी भारतीय टीम ने 2023 वर्ल्ड कप के अंदर 10 मैच जीते और आज फाइनल हारने पर 140 करोड़ हिंदुस्तानियों का दिल टूटा है। ऐसे हम दो कप जीत चुके। 2027 में फिर मेहनत करेंगे और हम जीतेंगे। हार जीत तो लगी रहती है। लेकिन पूरे वर्ल्ड कप में इण्डियन टीम का प्रदर्शन अच्छा रहा है। फाइनल में हम नहीं जीत पाये कोई बात नहीं। फिर आगे जीतेंगे। मोहब्बत तुम्हारे लिए नीली टी-शर्ट वाले लड़को। ये दिल हर बार ब्लू-ब्वायज के लिए ही धड़केगा। निरंतर बेहतरीन खेल दिखाने वाली हमारी भारत टीम को ढेरों बधाइयाँ। आपने लगातार शानदार खेल खेलकर उत्साह और उमंग के साथ भारत को आगे बढ़ाया। हम अपने खिलाड़ियों को रोते हुए नहीं देख सकते। रोकें ये आंसू। खेल में एक टीम जीतती है, दूसरी हारती है। आज भारतीय टीम का दिन नहीं था। कल हमारा दिन फिर से लौटेगा। आज हारे तो क्या हुआ? हारा तो पिछली बार ऑस्ट्रेलिया भी था। फिर आने वाले वर्ल्ड कप में हम अच्छी तैयारी करेंगे। सिर्फ एक हार से अब ठान लो, आगे अब हर बार इसका इंतकाम लेंगे। यह शिकस्त बहुत कुछ सीखा गई। धीरज रखो, हमारी टीम बहुत बहादुर है। आप प्रण करो अब हम किसी से किसी भी कीमत पर निपट लेंगे। कल फिर जीतेंगे।

सफलता सार्वजनिक उत्सव है, जबकि असफलता व्यक्तिगत शोक। यह बात थॉमस जेफरसन ने लिखी थी। इसलिए कैप्टन आंसू नहीं, यह जज्बात है, निकल जाने दीजिए, बह जाने दीजिए, उस कश्मकश को, कई वर्षों तक आपको और मुझे टीसती रहेगी, सुना है साथ में रोना, दिल को हल्के करने जैसा होता है, लेकिन याद रखना, पूरा देश आपके साथ है, करोड़ों हाथो की दुआएं, आपके साथ रहेंगी, लेकिन यह सच है, पराजय में जय छुपी हुई है, जितना खेले शानदार खेले, फाइनल का दिन, सबके लिए बुरा था। बहुत बुरा लेकिन याद रखना कल फिर सुबह होगी। एक नई सुबह, नई रोशनियां। हम सबका फिर से इंतजार करेंगी। कुछ




देर बाद फिर उम्मीदें लगाई जाएंगी, फिर तालिया बजेंगी, शोर होगा, यह तो धर्म है। यही खेल है। क्रिकेट भी वही, जिसका दिन अच्छा, उसकी जीत। जिसका दिन बुरा उसकी पराजय। फिर एक दिन आएगा, जब हम जीतेंगे। कप जितने से बड़ी बात दिल जीतना होता है। क्रिकेट खत्म नही हो गया। 46 दिन में 45 दिन आप जीते हो। हमारी भारतीय टीम ने 2023 वर्ल्ड कप के अंदर 10 मैच जीते और आज फाइनल हारने पर 140 करोड़ हिंदुस्तानियों का दिल टूटा है।

ऐसे हम दो कप जीत चुके। 2027 में फिर मेहनत करेंगे और हम जीतेंगे। मैच से पूर्व हमारे कप्तान साहब ने कांफ्रेंस में कहा था की एक गलती हमें भारी पड़ सकती है और फाइनल में गलती करी शुभमन गिल ने और दूसरी गलती श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव ने। आज हारे तो क्या हुआ? हारा तो पिछली बार ऑस्ट्रेलिया भी था। फिर भी आने वाले वर्ल्ड कप में अच्छी हम तैयारी करेंगे। सिर्फ एक हार से अब ठान लो। आगे अब हर बार इसका इंतकाम लेंगे। टीम में दो तीन ऑलराउंडर रखो। अपनी मनोस्थिति पर और दबाव पर काबू रखना सीखो। भौकाल से बचो। इस दर्द ने 20 साल पुराना जख्म कुरेद तो दिया लेकिन यह शिकस्त बहुत कुछ सीखा गई। धीरज रखो, हमारी टीम बहुत बहादुर है। आप प्रण करो अब हम किसी से किसी भी कीमत पर निपट लेंगे। कल फिर जीतेंगे।

हार जीत तो लगी रहती है। लेकिन पूरे वर्ल्ड कप में इण्डियन टीम का प्रदर्शन अच्छा रहा है। फाइनल में हम नहीं जीत पाये कोई बात नहीं। फिर आगे जीतेंगे।। मोहब्बत तुम्हारे लिए नीली टी-शर्ट वाले लड़को। ये दिल हर बार ब्लू-ब्वायज के लिए ही धड़केगा। सेमीफाइनल तक भारत का हुआ बहुत नाम लेकिन क्या ये सही हैं कि हार गये है फाइनल, चलो करते हैं बदनाम। सुख के ही साथी बनना सही नहीं हैं। कभी कोई टीम को कोस रहा है, कभी कोई स्टेडियम मे पहुंचे मेहमानो को। सच्चे भारतीय हो तो कोसना बंद करो और अपने देश और टीम के साथ खडे रहो।

फाइनल हार गये। इस बात का दुख पूरे देश को है। लेकिन उससे भी कहीं ज्यादा दुख हुआ हमें अपने खिलाडियों को रोते हुवे देख कर। हार जीत तो मुकद्दर की बात है। होती रहती है। कोई हारता है तो कोई जीतता है। इसमें आप अपना दिल छोटा मत करिये। निराश मत होइए। देश हर हाल में आपके साथ है। देश जीत में भी साथ था, हार में भी साथ है। आप देश की आन-बान-शान हो। देश को आप पर गर्व है।

सभी प्लेयर बहुत अच्छा खेले। पिछले सारे मैच में बहुत शानदार सफर तय किया है। आपका ये उम्दा प्रदर्शन क्रिकेट जगत के सुनहरे पन्नों में हमेशा दर्ज रहेगा। आप मैच हारे हैं, हिम्मत मत हारना। हम वक़्त का इंतजार करेंगे। अगली बार वर्ल्ड कप जरूर जीतेंगे। सच मे-

**क्या हार में, क्या जीत में, किंचित नहीं भयभीत मैं।**
**संघर्ष पथ पर जो मिले यह भी सही वह भी सही।।**
**कभी मंज़िल रह जाती है दूर बस एक कदम**
**पर शिखर तक पहुँचना भी कहाँ होता है कम।।**

सबसे बड़ी जीत खेल भावना की होती है। निरंतर बेहतरीन खेल दिखाने वाली हमारी भारत की टीम को ढेरों बधाइयाँ। आपने लगातार भारत को शानदार खेल खेलकर उत्साह और उमंग के साथ आगे बढ़ाया। हम अपने खिलाड़ियों को रोते हुए नहीं देख सकते। रोकें ये आंसू। खेल में एक टीम जीतती है, दूसरी हारती है। आज भारतीय टीम का दिन नहीं था। कल हमारा दिन फिर से लौटेगा। क्या हुआ जो एक मैच हार गए। अभी सब कुछ नहीं हारे हैं, विश्व कप में भारतीय क्रिकेट टीम का अभूतपूर्व प्रदर्शन, इच्छा शक्ति, खेल का जुनून और जज्बा आगे कायम रहना चाहिए। शर्मा जी के नेतृत्व में अगली बार दुनिया जीतेंगे। हार-जीत खेल का हिस्सा है। मायने ये रखता है कि आपने अपने हिस्से का खेल पूरे दिल से खेला या नहीं। अब जब टीम हार गई है तो लोग ट्रोल करने लगे हैं और आगे भी करेंगे लेकिन मुझे पता है खिलाड़ियों पर क्या गुजर रही होगी। खोट निकालेंगे खेल में लेकिन मेरा दिल पसीज रहा है, ये सब देखकर। दुआ है सभी प्यारे नीली टी-शर्ट वालों के लिए, आपके इस वर्ल्ड-कप के सफर को दुनिया याद रखेगी।

आज नहीं, हम कल जीतेंगे, विश्व विजेता बनेंगे, हम इण्डियन टीम के साथ हैं। जिस टीम का सब कुछ अच्छा हो और हार जाये ऐसा केवल खेल मे होता है। टीम इंडिया फाइनल हारी है टीम मजबूत नहीं रहती तो फाइनल मे नहीं पहुँचती। दिल दुखी है लेकिन हौसला मजबूत है। इस समय पूरे देश को इन खिलाडियों का साथ देना चाहिए। तभी मन को सहारा मिलेगा। क्रिकेट विश्व कप-2023 में अपने शानदार प्रदर्शन से आप सभी ने करोड़ों खेल प्रेमियों का दिल जीता है। आज हारे कल फिर जीतेंगे। भारतीय क्रिकेट टीम पर पूरे देश को गर्व है।

# कविता

हवा में भटकती आत्मा को ,
उसने मुड़कर यकायक आवाज
लगाईं ,
आत्मा अविचलित निस्पृह थी,
उसके चहरे से विषाद ,गम,
या खुशियों के निचोड़ नहीं
टपक रहे थे,
उसे लगा की आत्मा को उसने महसूसा है,
पर आत्मा उसे नहीं पहचान पाई,
ऐसा अक्सर होता है
ब्रह्म की खोज में,
कोई किसी को नहीं चिन्हता,
नहीं पह्चानता,
जानकर कोई क्या करेगा,
सब ब्रह्म की खोज में लगे हुए हैं,
उससे पूछ ही लिया
आत्मा जवाब नहीं दे पाई,
गर्दन को हल्का सा
झटका दिया और
आंखें सिकोड़ ली उसने,
बातचीत, माध्यम, खिंचाव
और खीज सब
उसे ही महसूस हो रहे थे\
आत्मा हजारों साल पूर्व की तरह
सपाट थी, फिर भी पीछे पड़ कर
पूछा उससे

संजीव
---------

## जगत का निमित्त कारण निराकार शक्ति ईश्वर

**अशोक प्रवृद्ध**

**वैदिक म**तानुसार ईश्वर, जीव और प्रकृति तीनों कारण, स्वयंसिद्ध और अनादि हैं। ईश्वर अर्थात परमात्मा में परम+ आत्मा तथा जीवात्मा में जीव+ आत्मा दो शब्द हैं। परमात्मा शब्द का अर्थ है-सर्वश्रेष्ठ आत्मा और जीवात्मा का अर्थ है-प्राणधारी आत्मा। आत्मा शब्द दोनों में ही संलिप्त होने के कारण अक्सर ही लोग परमात्मा और जीवात्माओं में कोई भेदभाव किए बिना सभी जीवन तत्वों के लिए आत्मा शब्द का प्रयोग करते हैं। दोनों के कार्यक्षेत्र अत्यंत विभिन्न होने के बावजूद परमात्मा और जीवात्माओं के कार्यो में अत्यंत समानता होना इस भ्रम का कारण है। इसके कारण नास्तिकों को मनुष्य को सिद्ध और ईश्वर की श्रेणी में दशार्ने का अवसर मिल जाता है। इस कार्यरूप सृष्टि के नियमों पर विचार करने से स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है कि इस सृष्टि का प्रत्येक पदार्थ नियमपूर्वक परिवर्तनशील है। प्रत्येक जाति के प्राणी अपनी जाति के ही अंदर उत्तम, मध्यम और निकृष्ट स्वभाव से पैदा होते हैं। इस विशाल सृष्टि में होने वाले सभी कार्य नियमित, बुद्धिपूर्वक और आवश्यक है। सृष्टि नियमपूर्वक परिवर्तनशील होने का अर्थ है, सृष्टि को स्वाभाविक गुण से परिवर्तनशील मानने वाले गलती पर हैं, क्योंकि स्वभाव में परिवर्तन नहीं होता। ऐसे लोग भूल जाते हैं कि परिवर्तन नाम है अस्थिरता का। और स्वभाव में अस्थिरता नहीं होती, क्योंकि उलट- पलट, अस्थिर ये नैमित्तिक गुण हैं, स्वाभाविक नहीं। इसलिए सृष्टि में परिवर्तन स्वाभाविक नहीं। प्रकृति में परिवर्तन स्वाभाविक माने जाने से अनंत परिवर्तन अर्थात अनंत गति माननी पड़ेगी और फिर एक समान अनंत गति मानने से संसार में किसी भी प्रकार से ह्रास -विकास संभव नहीं रहेगा, किन्तु सृष्टि में बनने और बिगड़ने की निरंतर प्रक्रिया से सिद्ध होता है कि सृष्टि का परिवर्तन नैमित्तिक है, स्वाभाविक नहीं। इस परिवर्तनरुपी नियम के द्वारा यह सिद्धप्राय है कि सृष्टि का मूल व प्रधान कारण है, जो खंड खंड, परिवर्तन शील और परमाणु रूप से विद्यमान है। परन्तु यह परमाणु चेतन और ज्ञानवान नहीं हैं। इसका कारण है कि चेतन और ज्ञानवान सत्ता कभी दूसरे के बनाये नियमों में बंध नहीं सकती, बल्कि ऐसी सत्ता अपनी ज्ञान स्वतंत्रता से निर्धारित नियमों में बाधा पहुँचाती है। इस जगत में परमाणु अपना कार्य बखूबी कर रहे हैं। किसी भी स्थान पर दूसरे जड़ पदार्थों से जोड़े जाने पर भी ये वहाँ भी आँख बंद करके भी कार्य कर रहे हैं, तनिक भी इधर- उधर नहीं होते। इससे स्पष्ट है कि इस सृष्टि का परिवर्तनशील कारण जो परमाणु रूप में विद्यमान है, ज्ञानवान नहीं, बल्कि जड़ है। इसी जड़, परिवर्तनशील और परमाणु रूप उपादान कारण को माया, प्रकृति, परमाणु, मेटर आदि संज्ञाओं से अभिहित किया जाता है, जो संसार के कारणों में से एक माना जाता है।

# विचार

## कैट परीक्षा न केवल गति बल्कि सटीकता का भी मूल्यांकन करती है

**विजय गर्ग**

**क्या उन्हें** गलत उत्तरों के कारण दंड का जोखिम उठाते हुए, तेजी से अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए उत्तर देने में जल्दबाजी करनी चाहिए, या क्या उन्हें सावधानीपूर्वक, मापा दृष्टिकोण चुनना चाहिए जो उनके समग्र स्कोर को सीमित कर सकता है? यह विचार कि गति को प्राथमिकता देने से सटीकता से समझौता होता है, कैट अभ्यर्थियों के मन में घर कर गया है। लेकिन आदर्श रूप से, कैट की तैयारी को इस तरह के समझौते के लिए बाध्य नहीं करना चाहिए। एक गलत धारणा है कि केवल अधिक प्रश्नों का प्रयास करने से उच्च अंक सुनिश्चित हो जाता है, लेकिन हमेशा ऐसा नहीं होता है। सुधार की संभावनाओं को नजर अंदाज न करना महत्वपूर्ण है। किसी की ताकत, फोकस और लगातार प्रदर्शन को नजरअंदाज करना कोई विकल्प नहीं है। तो, कोई गति और सटीकता के बीच इस स्थायी संघर्ष को कैसे सुलझा सकता है? इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि कोई व्यक्ति प्रगति करते रहने के लिए इस बाधा को कैसे पार कर सकता है? समाधान केवल एक को दूसरे के ऊपर चुनने पर निर्भर नहीं है। बल्कि, यह संतुलन बनाने के बारे में है। इसमें एक रणनीतिक पद्धति शामिल है जहां गति सटीकता से समझौता नहीं करती बल्कि इसे बढ़ाती है। एक संतुलित रणनीति प्राप्त करने का अर्थ है त्वरित-समाधान कौशल और सटीकता दोनों को परिष्कृत करना, सटीकता को खतरे में डाले बिना गति के महत्व को स्वीकार करना। यह उन प्रश्नों को चतुराई से चुनने के बारे में है जहां सटीकता को बरकरार रखा जा सकता है जबकि दूसरों में गति तेज की जा सकती है। यह सामंजस्यपूर्ण मिश्रण सुनिश्चित करता है कि प्रयास किया गया प्रत्येक प्रश्न एक सुसंगत लय बनाए रखते हुए सही होने की संभावना को अधिकतम करता है। इस चुनौती पर विजय पाने के लिए एक सूक्ष्म दृष्टिकोण की आवश्यकता है, गति की आवश्यकता की उपेक्षा न करते हुए सटीकता को महत्व देना, अंततः कैट उम्मीदवारों को उनकी तैयारी में आगे बढ़ाना है। संतुलन बनाने के लिए यहां कुछ स्मार्ट रणनीतियाँ दी गई हैं। उत्तर विकल्पों पर शीघ्रता से नजर डालें कैट परीक्षा में, उत्तर विकल्पों पर एक त्वरित नजर डालना महत्वपूर्ण महत्व रखता है। यह त्वरित स्कैन परीक्षार्थी को प्रत्येक प्रश्न के लिए उपलब्ध विकल्पों का एहसास कराता है। यह संभावित समाधानों की सीमा का आकलन करने, आगे के कार्य के लिए एक मानसिक मानचित्र बनाने का क्षण है। यह प्रारंभिक समीक्षा पैटर्न, महत्वपूर्ण शब्दों और उत्तर प्रकारों को समझने में मदद करती है, जिससे समस्या-समाधान अधिक कुशल हो जाता है। इसके अतिरिक्त, यह सीधे समाधान खोजने या स्पष्ट रूप से गलत विकल्पों को खत्म करने, संभावित सही उत्तरों को सीमित करने में सहायता करता है। यह त्वरित अवलोकन परिचित अवधारणाओं की तत्काल पहचान को गति प्रदान कर सकता है, जिससे चयन प्रक्रिया में तेजी आएगी। हालाँकि, यह त्वरित नजर समस्या को हल करने के बारे में नहीं है, बल्कि प्रश्न परिदृश्य के माध्यम से एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करती है, जिससे समय की बचत होती है और सही समाधान खोजने की संभावना में सुधार होता है। फिर भी, परीक्षा के दौरान एक सूचित और सटीक विकल्प के लिए प्रत्येक विकल्प के विस्तृत विश्लेषण और गहन मूल्यांकन के साथ इस नजर का पालन करना महत्वपूर्ण है। सन्निकटन का उपयोग करना सीखें केवल सटीक गणनाओं पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, रणनीतिक अनुमानों को शामिल करने से समस्या-समाधान में गति और सटीकता के बीच एक सामंजस्यपूर्ण संतुलन बनाया जा सकता है। सन्निकटन का उपयोग करने से उम्मीदवारों को सटीकता से समझौता किए बिना, विशेष रूप से मात्रात्मक अनुभागों में, अपनी गति तेज करने की अनुमति मिलती है। संख्याओं को पूर्णांकित करने या गणनाओं को सरल बनाने से प्रति प्रश्न खर्च होने वाला समय काफी कम हो जाता है, जिससे प्रक्रिया में तेजी आती है जबकि जटिल गणनाओं में त्रुटियों की संभावना कम हो जाती है। इसी तरह, मौखिक अनुभागों में जहां व्यापक पढ़ना महत्वपूर्ण है, केंद्रीय विषय या मुख्य बिंदुओं का अनुमान लगाने से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देने में तेजी आ सकती है, जिससे त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित हो सकती है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## राई घटै न तिल बढ़ै

**डॉ.शेषपाल सिंह**
**शेष-सुमन सागर**

मनुष्य के द्वारा अपने मन के अज्ञान से मुक्ति पाना बहुत कठिन कार्य है। हम अपने आप को ज्ञानी समझते हैं, ईश्वर में विश्वास करते हैं और अपने को आस्तिक मानते हैं। यह कैसा ईश्वर में विश्वास और आस्तिकता है कि क्षणे-क्षणे हमारे मन में आशंकाएँ घिरी रहती हैं। यदि हम ईश्वर में विश्वास करते हैं तो फिर आशंका और चिंता की अपेक्षा कहाँ रह जाती है? चिंतित और आशंकित रहने का अर्थ तो यह हुआ कि हमें ईश्वर पर बिल्कुल भी भरोसा नहीं है, हम स्वयं ही कार्य के कर्ता-धर्ता हैं तथा हमारे बनाने से ही कार्य बनेगा अन्यथा बिगड़ जाएगा।

वास्तविकता तो यह है कि इस संसार का सूत्रधार स्वयं परमात्मा है या यों कहें कि कोई परम शक्ति है जो इस संसार को चला रही है। हाँ, इतना अवश्य है कि प्रभु ने हमें जो बुद्धि, विवेक, अंग-प्रत्यंग एवं सर्वांग सक्षम शरीर दिया है उसका उपयोग हमें अवश्य पूरी सावधानी और समग्र सामर्थ्य के साथ करना चाहिए। इसमें चिंता और शंका के भाव की कोई आवश्यकता नहीं है। कार्य का नियंता, सूत्रधार और उसका कर्ता-धर्ता प्रभु को मानकर निर्लिप्त भाव से और समर्पण के साथ ही हमें किसी कार्य को करना चाहिए। ऐसा करने से हमें एक अलौकिक आनंद की अनुभूति होगी तथा कार्य की सफलता और विफलता दोनों स्थितियों में हम अच्छा ही अनुभव करेंगे। इस प्रकार दुखानुभूति से हम पूरी तरह बच जाएँगे। जीवन की साँसें गिनी हुई अर्थात पूर्व निर्धारित है, न एक साँस अधिक मिलनी है और नहीं एक साँस कम होनी है। इसीलिए कहा गया है कि, "राई घटे न तिल बढ़े, रहि रे जीव निशंक"। मृत्यु से भयभीत होना अज्ञान है। मृत्यु इतनी निश्चित है जितना और कुछ भी नहीं। मृत्यु तो होनी ही है और कुछ हो चाहे न हो। यह जानकर भी हम इस तथ्य को भूलकर मृत्यु से डरते हैं। यह विचारणीय है कि एक जीवन में मृत्यु एक बार ही होगी, अनेक बार नहीं। उसे किसी भी कीमत पर टाला नहीं जा सकता फिर मृत्यु का भय कैसा? यदि एक ही जीवन में अनेक बार मृत्यु हो और प्रयास करके एकाध बार की मृत्यु को टालने में हम सफल हो जाएँ तब तो मृत्यु से डरना ठीक है। लेकिन हमें पता है कि ऐसा तो होना ही नहीं है।

## आत्माराम का भूत

**डॉ. सुरेश कुमार**

**हैदराबाद के** हलचल भरे शहर में वह एक अंधेरी, नीरस शाम थी। सड़कें दैनिक जीवन की हलचल से भरी हुई थीं क्योंकि लोग अपनी स्वार्थी इच्छाओं से ग्रस्त होकर इधर-उधर भाग रहे थे। एक समय जीवंत शहर मानवीय मूल्यों के पतन का प्रजनन स्थल सा लगता है, जहाँ लालच और महत्वाकांक्षा का बोलबाला चरम पर होता है। शहर के मध्य में, धनी और प्रभावशाली आत्माराम साहब का एक बड़ा बंगला था। वह बहुत धनवान और शक्तिशाली व्यक्ति था, लेकिन उसका दिल शहर की सड़कों पर चलने वाली सर्दियों की हवा की तरह सर्द और संवेदनाहीन था। उसने संदिग्ध व्यापारिक लेनदारियों और परिचितों को लूट पाटकर अपनी तिजोरी में पैसे के नाम पर लोगों की बद्दुआएँ अर्जित की थी। यही कारण था कि अपने से कम भाग्यशाली लोगों के प्रति उसका तिरस्कार पूरे शहर में चर्चा का विषय था। एक अशुभ घड़ी में, जब आत्माराम अपने मंद रोशनी वाले अध्ययन कक्ष में अकेले बैठे अपने गोरख धंधों से कमाई नोटों की गड्डियों की गिनती कर रहे था। तभी उसके पुराने व्यापारिक मित्र धनीराम उससे मिलने आया। धनीराम एक मनहूस और पीड़ित किस्म का व्यक्ति था, जो जीवन में अपने लालच और स्वार्थ की सजा के रूप में अनंत काल तक पृथ्वी पर भटकने के लिए अभिशप्त था। आत्माराम को देखते हुए धनीराम ने कराहते हुए कहा, "मैं आपको उस चेष्टा के बारे में चेतावनी देने आया हूं जो नैतिक पतन के इस रास्ते पर जारी रहने पर आपका इंतजार कर रहा है। धन और शक्ति के लिए आपकी अतृप्त भूख ने आपको अपने आस-पास के लोगों की पीड़ा के प्रति अंधा कर दिया है, और यदि आप अपने तरीके नहीं बदलेंगे, तो आपको इसका भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। आत्माराम ने धनीराम की चेतावनी का उपहास उड़ाया, और इसे अपने ही दोषी विवेक द्वारा लाया गया मात्र मतिभ्रम कहकर खारिज कर दिया। लेकिन जैसे-जैसे रात बीतती गई, उसके पास अलौकिक भूतों की एक श्रृंखला आई, जिन्होंने उसे उनके तरीकों की त्रुटि और उनके कार्यों के परिणाम दिखाए। पहला भूत अहंकार, आत्माराम को उसके अपने इतिहास की यात्रा पर ले गया, और उसे अपने जीवन के उन क्षणों को दिखाया जहां एक बार उसके पास एक दयालु और उदार भावना थी।

## न्यूज फ्लैश

### उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ पर्व का हुआ समापन



**टीम एक्शन इण्डिया/गन्नौर**
छठ महापर्व के चौथे दिन श्रद्धालुओं ने सूर्य और छठ माता की आराधना कर सोमवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। जिसके बाद साथ चार दिनों तक चलने वाली छठ महापर्व का समापन हुआ। बड़ी गांव में पर्वांचल सेवा समिति द्वारा गांव से गुजर रही माइनर में अस्थाई तालाब का निर्माण किया। जिसके बाद व्रतियों ने उसमें स्नान किया और सूर्य भगवान को अर्घ्य दिया। इस दौरान छठ पूजा से जुड़े धार्मिक और पारंपरिक गीत पूरे शहर में गूंज रहे थे। छठ पूजा कार्यक्रम की व्यवस्था में समिति के प्रधान चंद्रकांत झा, प्रमोद झा, पप्पू झा, कमलेश गिरी, ईश्वर, रमण ठाकुर, मुरार झा, प्रशांत झा आदि ने सहयोग दिया।

### महामाई की भव्य चौकी 21 नवम्बर को तारा गार्डन में

**टीम एक्शन इण्डिया/गन्नौर**
महामाई की भव्य चौकी का आयोजन 21 नवम्बर मंगलवार को तारा गार्डन में आयोजन होगा। जानकारी देते हुए डा. पवन अरोड़ा व मीनाक्षी अरोड़ा ने बताया कि चौकी में मुख्यातिथि महामंडलेश्वर अंजनी देवा जी महाराज व मंहत विनोद गांधी होंगे। डा. अरोड़ा ने बताया कि ज्योत प्रचंड शाम को 5 बजे होगी। भव्य चौकी में भजनों से वातवारण को भक्तिमय बनाया जाएगा। उन्होंने शहर के लोगों से कार्यक्रम में भाग लेने का आह्वान किया।

### कांग्रेस की सरकार बनने पर हलके का कराया जाएगा चहुमुखी विकास : विधायक राजेंद्र जून



**टीम एक्शन इण्डिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़**
कांग्रेस की सरकार बनने पर सेक्टर 28 की फोर्ट एशिया सहित शहर की सभी कॉलोनीयों व सेक्टरों की मौजूदा समस्याओं का स्थाई समाधान करने का काम किया जाएगा। यह बात कांग्रेस विधायक राजेंद्र सिंह जून ने लाइनपार के बराही रोड स्थित सेक्टर 28 की फोर्ट एशिया में सेक्टर वासियों द्वारा 14 करोड़ से ज्यादा धनराशि मंजूर कराकर विकास कार्य शुरू करवाने पर किए गए स्वागत व सम्मान के उपरांत संबोधित करते हुए कही। विधायक राजेंद्र सिंह जून द्वारा फोर्ट एशिया के निवासियों की पेयजल की समस्या का समाधान करने के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण से 14 करोड रुपए से अधिक कि धनराशि मंजूर कराकर 886 .05 लाख रुपये व 608.60 के दो टेंडर लगाकर विकास कार्य शुरू करा दिया है। मंजूर हुई 14 करोड़ से ज्यादा की धनराशि के दो टेंडर से सेक्टर 2 से फोर्ट एशिया तक पाइप लाइन डालने,सेक्टर 7 में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट व सेक्टर 29 में बूस्टिंग स्टेशन का कार्य होगा। अभिनंदन समारोह में पहुंचे विधायक राजेंद्र सिंह जून का फोर्ट एशिया के निवासियों ने फूलों के गुलदस्ते भेंट कर, फूलमालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया तथा पगड़ी बांधकर अभिनंदन करते हुए बहादुरगढ़ हलके की चौथी बार सेवा करने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए विधायक राजेंद्र सिंह जून ने कहा कि हरियाणा में 10 साल कि हुड्डा सरकार में बहादुरगढ़ विकास के मामले में तेज गति से अग्रसर था। हुड्डा सरकार में मेट्रो रेल परियोजना,अंतरराष्ट्रीय स्तर का परमाणु अनुसंधान केंद्र, सेक्टर 9 से जाखोदा से बाईपास का निर्माण, खूनी पुलिया का निर्माण, आईटीआई,200 बेड का अस्पताल सहित आमजन के हित से जुड़ी कई विकास की योजनाएं आई जिनका लाभ आज भी हलके की जनता को मिल रहा है। विधायक राजेंद्र सिंह जून ने कहा कि फोर्ट एशिया के निवासी पेयजल की समस्या को लेकर पार्षद रजनीश मोनू के साथ उनसे कई बार मिले। उन्होंने पेयजल की समस्या का स्थाई समाधान करने के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के चंडीगढ़ स्थित वरिष्ठ अधिकारियों से 14 करोड रुपए से ज्यादा के दो टेंडर पास कराकर उनकी पेयजल समस्या का स्थाई समाधान कर दिया है।

# छठ पूजा सभ्यता, संस्कृति, प्राकृतिक सुंदरता और समृद्धता का भी प्रतीक : जयभगवान

## जयभगवान आंतिल ने 251 दर्जन केले प्रसाद वितरित करवाया

छठ महापर्व

8 इसे सभ्यता, संस्कृति, प्राकृतिक सुंदरता और समृद्धता का भी प्रतीक माना जाता है।



आंतिल बाराहा खाप के प्रधान एवं कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल का स्वागत करते कार्यक्रम में ।

**टीम एक्शन इण्डिया/राई**
छठ पूजा महापर्व बीसवां मील के पास धूमधाम से मनाया। जहां पर आंतिल बाराहा खाप के प्रधान एवं कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल मुख्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने छठ पूजा महापर्व की महिमा का गुणगान करते हुए अपरम्पार बताया है। कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल ने कहा कि छठ पूजा महापर्व समर्पण, सहयोग, सरोकार, संयम, संवेदना व सद्भाव का संदेश देता है। सूर्य देव व छठी मइया की पूजा अपरम्पार महिमा को समर्पित व अर्पित है। इसे सभ्यता, संस्कृति, प्राकृतिक सुंदरता और समृद्धता का भी प्रतीक माना जाता है। जयभगवान आंतिल ने कहा कि छठ पूजा का त्याग व समर्पण पूर्ण त्योहार केवल महिलाए द्वारा ही नहीं बल्कि पुरूषों द्वारा भी बड़े ही श्रद्धापूर्वक किया जाता है।
जयभगवान आंतिल ने 251 दर्जन केले प्रसाद के तौर पर वितरित करते हुए कहा कि छठ पूजा के सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, प्राकृतिक जैसे अनेकों आयाम है, जिसे महापर्व के दौरान देखने सुनने को मिलता है।
इस अवसर पर बढ मलिक गांव के प्रधान फुलकुवार सहित काफी संख्या में श्रद्धाल मौजूद थे।

### टीबी मरीजों के लिए भेंट की दवाइयां



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** सर्व समाज कल्याण सेवा समिति ने एलएनजेपी अस्पताल में टीबी के मरीजों के लिए दवाइयां भेंट की। संस्था के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि अस्पताल में आने वाले टीबी मरीजों के लिए दवाइयों की जरूरत है। इस पर उन्होंने समिति की ओर से मेडिकल ऑफिसर डा. दिनेश को दवाइयां भेंट की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पुनीत सेतिया व मीडिया प्रभारी तरूण वधवा भी मौजूद रहे। डा. दिनेश ने समिति के पदाधिकारियों का आभार जताया। प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने बताया कि समिति समय-समय पर जरूरतमंदों की सहायता करती रहती है। समिति द्वारा 400 से अधिक रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। इसके अलावा समिति जरुरतमंद कन्या की शादी में सामान देना सहित अनेक सामाजिक कार्य करती है।

## हथियार के बल पर कार छीनने के दो आरोपी गिरफ्तार, कार बरामद

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र**
(दलबीर मलिक)जिला पुलिस कुरुक्षेत्र ने हथियार के बल पर कार छीनने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने हथियार के बल पर कार छीनकर भागने के आरोपी अजय सिंह पुनिया पुत्र रमेश व हितेश पुत्र मनोज कुमार वासीयान ज्ञानपुरा थाना बरवाला जिला हिसार को गिरफ्तार करके उनके कब्जा से छीनी गई कार बरामद करने में सफलता हासिल की है।
जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार ने बताया है कि दिनांक 6 नवम्बर 2023 को थाना सदर थानेसर पुलिस को दी अपनी शिकायत में अंकुर पुत्र वीरभान वासी सेक्टर-3 कुरुक्षेत्र ने बताया कि दिनांक 6 नवम्बर 2023 को दोपहर के समय वह अपनी व बेटी को साथ लेकर अपनी कार नम्बर एचआर-01 ए-0001 में कपड़े लेने के लिए चण्डीगढ़ गया था। कपडे लेने के बाद वापसी में रात को करीब




9-15 बजे जब उसने अपनी कार को पीपली से थोड़ा आगे पेट्रोल पम्प पर रोका और वह कार से नीचे उतर गया। इतने में दो नौजवान लड़के आए और एक लड़का उसकी कार मे ड्राइवर सीट पर बैठ गया और दूसरे लड़के ने रिवालवर/पिस्टल दिखाकर उसकी पत्नी व बेटी को कार से नीचे उतार दिया। आरोपी उसकी कार को लेकर पीपली की साइड भाग गए। जिसकी शिकायत पर थाना सदर थानेसर में मामला दर्ज करके जांच उप निरीक्षक रविन्द्र सिह को दी गई।

### चोरी में नेपालियों सहित चार को भेजा जेल

**टीम एक्शन इण्डिया/मथुरा**
पुलिस ने चोरी के आरोप में तीन नेपालियों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में तीन नेपाल और एक बिहार का रहने वाला है। चोरों को चोरी के माल के साथ चारों को जीआईसी स्कूल के गेट से के करीब कृष्णापुरी मध्य रात्रि में गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से पीली धातु की चौन की बरामदगी हुई है। प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली रवि त्यागी के मुताबिक विजय राय पुत्र मोहरी राय निवासी सबैठवा थाना पुखरिया जिला परसा नेपाल, प्रदीप राय पुत्र स्वं. चोकट राय निवासी सबैलवा थाना पुखरिया जिला परसा नेपाल, बुलेट राय पुत्र तुलसी राय निवासी नागवा थाना नागवा जिला परसा नेपाल तथा गोरखनाथ पुत्र जगन्नाथ नट निवासी कठिया मुठिया पुखरिया थाना कंगली जिला पश्चिमी चंपारण बिहार को गिरफ्तार किया गया है।

## मानव को मृत्यु के भय से मुक्त कर देती श्रीमद्भागवत कथा

**टीम एक्शन इण्डिया/गन्नौर**
गुमड़ गांव के राजकीय प्राथमिक स्कूल में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन श्रीधाम वृंदावन से आए कथावाचक श्री द्वारकाधीश महाराज ने भगवान कृष्ण महारास, मथुरा गमन एवं रूक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि भगवान की महारास लीला काफी दिव्य है। उनके बाल रूप के दर्शन करने के देवी देवता गोकुल पहुंच गए थे। मथुरा गमन प्रसंग में उन्होंने बताया कि जब अक्रूर जी भगवान कृष्ण को मथुरा ले कर चले तो ब्रज की गोपियां भगवान कृष्ण के रथ के आगे खड़ी हो गईं थी। कथावाचक ने



गोपी उद्धव संवाद का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने अपने भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। द्वारकाधीश माहराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मानव को मृत्यु के भय से मुक्त कर देती है। जिन पर परमात्मा की विशेष कृपा हुई है, उन्हें ही कथा श्रवण का अवसर प्राप्त होता है।

# कांच की बांस के बहंगिया बहंगी लचकत जाए....

छठ महोत्सव

8 ब्रह्मसरोवर पर 12वें छठ महोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल भजन संध्या एवं अखंड भंडारा दिया गया।



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** छठ पर्व सेवा समिति के तत्त्वाधान में रविवार सायं केडीबी ऑफिस के निकट ब्रह्मसरोवर पर 12वें छठ महोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल भजन संध्या एवं अखंड भंडारा दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सायं 5 बजे ब्रह्म सरोवर आरती स्थल पर अस्तगामी सूर्य को अर्घ्‍एवं आरती से हुआ, इसके पश्चात भंडारा 6 बजे आरंभ हुआ और सांस्कृतिक कार्यक्रम सायं 7 बजे शुरू हुए, जो सोमवार सुबह सूर्य को अर्घ्य देने के पश्चात आरती के साथ संपन्न हुए। सर्वप्रथम आरती स्थल पर समिति के पदाधिकारियों ने अस्तगामी सूर्य को अर्घ्य देकर आरती की।उसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की वेला में कुरुक्षेत्र सांसद व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि और थानेसर विधायक सुभाष सुधा अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। दोनों अतिथियों ने इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पूर्व ओएसडी अमरेंद्र सिंह, जिला परिषद् के उपाध्यक्ष डीपी चौधरी और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य सूरजभान कटारिया विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्यातिथि नायब सैनी ने कहा कि भगवान सूर्य साक्षात प्रत्यक्ष देवता हैं। बिना सूर्य की चमक के दुनिया की कोई ताकत मिल ही नहीं सकती। सूर्य देव की बहन का नाम छठ मैय्या है। इस व्रत के करने से समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। पूर्वांचल समाज के लोग जो अब हरियाणा में रह रहे है वे अब हरियाणावासी है। हरियाणा का कलेजा बहुत बडा है जो यहां आया, यहीं का हो गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए विधायक सुभाष सुधा ने आयोजकों को छठ पर्व की बधाई देते हुए कहा कि भोजपुरी भारत की ही नहीं अपितु पूरे विश्व की मीठी व प्रिय भाषा बन चुकी है।वहीं, विशिष्ट अतिथि सूरजभान कटारिया ने कहा कि छठ वह प्राचीन पर्व है जिसमें राजा और रंक एक घाट पर माथा टेकते हैं, एक देवता को अर्घ देते हैं और एक बराबर आशीर्वाद पाते हैं। धन और पद का लोभ मनुष्य को मनुष्य से दूर करता है, पर धर्म उन्हें साथ लाता है।

### पुलिस की गोली से गोतस्कर घायल, दो भागे

**टीम एक्शन इण्डिया/मथुरा**
थाना छाता पुलिस और स्वाट टीम की गौकशी की घटनाओं में संलिप्त अन्तराजीय शातिर अपराधी से हुई मुठभेड़ के दौराने एक तस्कर पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल अवस्था में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके कब्जे से एक तमंचा और कारतूस बरामद किये गये हैं। गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ पशुक्रूरता अधिनियम सहित दूसरी गंभीर धाराओं में करीब एक दर्जन आपराधिक मामले दर्ज है। गिरफ्तार अभियुक्त के दो साथी पुलिस को चकमा देकर भाग निकले। भागे हुए तस्करों की गिरफ्तारी में पुलिस टीम जुटी हुई है। प्रभारी निरीक्षक थाना छाता त्रिलोकी सिंह के मुताबिक पुलिस की रविवार की रात करीब सवा ग्यारह बजे हनीफ पुत्र इस्माइल निवासी नई थाना बिछोर जिला नूंह मेवात हरियाणा के साथ मुठभेड़ हुई। हनीफ के खिलाफ वर्ष 2020 में गो तस्करी का मामला दर्ज हुआ था। तभी से पुलिस को इसकी तलाश थी। हनीफ एक शातिर किस्म का अपराधी है। नगरिया से जलालपुर जाने वाले रोड़ पर पुलिस मुठभेड में पुलिस की गोली लगने से हनीफ घायल हो गया। गोली गो तस्कर के पैर में लगी इसके बाद पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया और घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। गिरफ्तार अभियुक्त हनीफ अपने अन्य दो साथियों के साथ गोकशी के लिये गौ वंश की चोरी करने के उद्देश्य से पिछले दो दिनों से रात्रि में घूम रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त हनीफ के दो साथी सेंट्रो कार से कोसी की तरफ भाग गये जिन्हें तलाश किया जा रहा है।

### बीएसटी कालोनी में मनाया छठ, व्रतियों ने मांगी सुख-समृद्धि

**टीम एक्शन इण्डिया/गन्नौर**
बीएसटी कालोनी स्थित शिव मंदिर के निकट स्थित छठ पूजा स्थल पर उत्साह का माहौल रहा। परंपरागत गीतों की धूम और ढोल नगाड़ों की थाप के साथ श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। छठ व्रतियों ने पुत्र के दीघार्यु व परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने शिरकत की और ह्र्योत प्रह्ववलित कर व्रतियों को प्रसाद वितरित किया। कादियान ने कहा कि छठ केवल पर्व ही नहीं महापर्व है, जो लोग भक्ति भाव से छठ मैया की पूजा करता है उनकी सभी मनोकामना मैया पूरी करती है। धन व धान्य की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर जितेंद्र, वरुण जैन पार्षद, चांद राठी, धर्मेश, उमेश, रामप्रीत, दिलीप, प्रेम, ईश्वर आदि मौजूद रहे।

## सरकार ने पिछड़ा वर्ग के हितों पर किया कुठाराघात : पांचाल

**टीम एक्शन इण्डिया/गन्नौर**
महिला आयोग के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कमलेश पांचाल ने कहा कि रोहतक ओल्ड आईटीआई ग्राउंड में 4 दिसंबर को ओबीसी समाज का महासम्मेलन होगा। इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा रहेंगे। इस महासम्मेलन में ओबीसी समाज की मुख्य मांगों को बड़ी जोर-शोर से उठाया जाएगा। कमलेश पांचाल ने यह बातें सोमवार को बेगा गांव में आयोजित बैठक के दौरान



कही। उन्होंने बेगा गांव के अलावा दातौली व घसौली में भी ओबीसी वर्ग के लोगों को महासम्मेलन में न्यौता दिया। पांचाल ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने पिछड़ा वर्ग के हितों पर लगातार कुठाराघात किया है। उन्होंने कहा कि क्रीमिलेयर से एक चपरासी का बच्चा भी ओबीसी आरक्षण से बाहर हो गया है। उन्होंने कहा कि महासम्मेलन में सरकार के खिलाफ व्यापक रणनीति तैयार करते हुए पिछड़ा वर्ग के हकों की आवाज को बुलंद किया जाएगा।
इसके बाद कमलेश पांचाल ने बादशाही रोड स्थित जन चेतना स्पोर्टस क्लब खेल स्टेडियम में खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। इस मौके पर त्यागी ब्राह्मण महासभा के प्रधान महाबीर शर्मा, दयानंद शर्मा, विनोद भारद्वाज मौजूद थे।

## घसौली गांव में दोस्तों ने पहले पी शराब फिर कर दी दोस्त की हत्या

**टीम एक्शन इण्डिया/ गन्नौर**
शराब पीने के दौरान हुई कहासुनी के चलते दोस्तों ने मिल कर अपने साथी की पेट में बोतल मारकर हत्या कर दी। मृतक लाखन घसौली गांव का रहने वाला था। हत्या करने के बाद साथियों ने मिल कर लाखन के शव को गांव मलिकपुर से ग्यासपुर मार्ग पर लगती बंद पड़ी रेत की खान में करीब 2 फुट गहरा गड्ढा खोद कर दबा दिया। इसके बाद सभी आरोपित अपने घर लौट आए। जब लाखन घर नहीं लौटा तो उसकी पत्नी ने थाना बड़ी में उसके पति की गुमशुदगी का मामला दर्ज करवा दिया। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मलिकपुर गांव के तुषार को पकड़ा



जिसने पूछताछ के दौरान लाखन की हत्या का खुलासा किया। सूचना पर एसीपी गन्नौर गोरखपाल राणा व बड़ी थाना प्रभारी मनीष कुमार के अलावा गन्नौर क्राइम यूनिट की टीम भी मौके पर पहुंची और ड्यूटी मेजिस्ट्रेट तहसीलदार मनोज कुमार की उपस्थिति में आरोपित की निशानदेही पर लाखन के शव को गड्ढे से खोद कर बाहर निकलवाया। इसके बाद एफएसएल से नमूने एकत्रित करवाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भिजवा दिया।
**- 13 नवंबर से लापता था लाखन**
लाखन 13 नवंबर से घर से लापता था। जिसके बाद स्वजन उसकी काफी तलाश करते रहे, लेकिन जब उसका कहीं पता नहीं चला तो उसकी पत्नी ने 17 नवंबर को बड़ी थाना में शिकायत देकर गुमशुदगी का मामला दर्ज करवा दिया था।
**- काल डिटेल व मोबाइल लाकेशन से हुआ खुलासा**
बड़ी थाना पुलिस ने लाखन की गुमशुदगी का मामला दर्ज करने के बाद उसकी तलाश के प्रयास शुरू कर दिए। पुलिस ने लाखन की काल डिटेल व मोबाइल लोकेशन के आधार पर उसके दोस्त गांव के मलिकपुर के रहने वाले तुषार को पकड़ कर पूछताछ की। सख्ती से पूछताछ के दौरान तुषार ने बताया कि उन्होंने ग्यासपुर मार्ग पर एक ट्यूबवैल पर पहले शराब का सेवन किया था। इस दौरान उनके और साथी भी मौजूद थे। इस दौरान उनकी लाखन के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी, जिसके चलते उन्होंने लाखन की पेट में शराब की बोतल मार कर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद उन्होंने लाखन के शव को घटना स्थाल से 100 मीटर दूर मलिकपुर से ग्यासपुर मार्ग पर लगती बंद पड़ी रेत की खान में करीब 2 फुट गहरा गड्ढा खोद कर दबा दिया।
**दो बच्चों का पिता था लाखन**
मृतक लाखन शादी शुदा था। वह दिहाड़ी मजदूरी के साथ-साथ रेत ढुलाई का काम करता था। उसके दो छोटे-छोटे बच्चे भी हैं। छोटा बेटा पहली कक्षा व बड़ी बेटी दूसरी कक्षा में पढ़ती है। लाखन की हत्या होने की खबर मिलने के बाद स्वजन सदमे में हैं। वहीं पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है।
**- कल अदालत में पेश करेगी पुलिस**
एसीपी गोरखपाल राणा ने बताया कि पुलिस ने मलिकपुर गांव के तुषार को गिरफ्तार कर लिया है। तुषार को मंगलवार को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा।

## हर्षोल्लाह से मनाया छठ : स्वीटी रंगा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/ शाहबाद (दलबीर मलिक)** छठ पूजा के त्यौहार को खुशी से मनाया गया ।शाहाबाद हल्के के कलसाना , खानपुर जाटान गांव में स्वीटी रंगा नलवी और मिहा सिंह रंगा ने भी त्यौहार में शामिल होकर सभी को शुभकामनाएं दी। इस पर्व पर सूर्य देवता आपकी मनोकामना पूर्ण करेंगे । छठ पुजा आस्था का पर्व है ।स्वीटी रंगा ने कहा की इस पर्व पर संकल्प ले आपस में भाईचारा बनाए रखें एक दूसरे का सहयोग करें और जो बच्चे स्कूल नहीं जाते उन बच्चों को स्कूल में भेजें ताकि उनका भविष्य बन सकें । मिहा सिंह रंगा ने कहा कि पर्व पर संकल्प लें के नशे जैसी बीमारी को छोड़कर



अपना जीवन सुधारे ।इस अवसर पर बाबूलाल, टुनटुन, प्रभु दयाल, मुरारी ,सूरज, लाजो, आदि मौजूद रहे

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 21 नवंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

फास्ट न्यूज

## गोरखपुर में दबंगों का दुस्साहस, दुकान बंद कर घर जा रहे सर्राफ पर तानी पिस्टल

**गोरखपुर**
घंटाघर से दुकान बंद करके घर लौट रहे सर्राफ पर पिस्टल तानकर बाइक सवार बदमाशों ने जानमाल की धमकी दी। सर्राफ की तहरीर पर एक नामजद और दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज करके पुलिस जांच में जुटी है। सर्राफ ने पुरानी रंजिश में घटना होने की आशंका जताई है। राजघाट थाना पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है।
**यह है मामला:** राजघाट, तुर्कमानपुर के रावत पाठशाला के पास रहने वाले लखन वर्मा ने तहरीर में लिखा है कि घंटाघर में उनकी सोने-चांदी की दुकान है। 17 नवंबर की रात वह दुकान बंद करके स्कूटी से घर लौट रहे थे। रात 10 बजे रावत पाठशाला वाली गली में एजुकेशन सेंटर के नजदीक पहुंचे। तभी बाइक सवार दो युवकों ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। इससे वह स्कूटी लेकर गिर गए। तभी दोनों युवकों ने उनके सामने बाइक अड़ा दी। इसके बाद युवक ने पिस्टल निकाल लिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग जुटे तो दोनों युवक भाग गए। इसके बाद वह अपने घर की ओर जाने लगे। रास्ते में दोबारा मिलने पर उनका पीछा किया। दोनों की हरकत सीसी कैमरे में कैद हो गई। बसंतपुर घसियारी मोहल्ले में रहने वाले जितेंद्र वर्मा और दो अन्य अज्ञात युवकों के विरुद्ध तहरीर दी।

## नशे की हालत में पिता ने पुत्र की गला दबाकर की हत्या

**कानपुर: चकेरी** में शराब के नशे में पिता ने पुत्र की गला दबा के हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित पिता मौके से फरार हो गया। सोमवार सुबह जब मृतक की मौसी उनके घर पहुंची तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। इसके बाद उन्होंने घटना की सूचना मृतक की मां और पुलिस को दी। इसके बाद डीसीपी पूर्वी तेज स्वरूप, एडीसीपी लखन यादव कार्यवाहक एसीपी वृज नारायण सिंह समेत थाने का फोर्स मौके पर पहुंचा। पुलिस ने फोरेंसिक टीम बुलाकर साक्षय एकत्रित किए।
चकेरी के अहिरवा स्थित संजीव नगर में 25 वर्षीय फर्नीचर कारीगर दीपक निषाद परिवार के साथ रहते थे। उनके परिवार में सिलाई कारीगर पिता गणेश निषाद और माँ सुनीता है। स्वजन ने बताया कि दो साल पहले दीपक का विवाह फतेहपुर में रहने वाली सुमन से हुआ था। करीब एक साल से वह अपने मायके में ही रह रही है। घरेलू कलह के कारण दीपक का लती हो गया था। जबकि उसके पिता पहले से ही शराब के लेती थे। पत्नी जाने के बाद से वह अक्सर शराब के नशे में माता-पिता से झगड़ा करता था।

## पंजाब में बंद होगा समाज कल्याण बोर्ड

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने पंजाब राज्य समाज कल्याण बोर्ड को बंद करने और इसके कर्मचारियों को विभाग में विलय करने का फैसला लिया है। सोमवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया।

# औद्योगिक गलियारे बनाएगी सरकार

## योजना के अनुसार यूपीडा प्रदेश में 5 एक्सप्रेसवेज के किनारे औद्योगिक केंद्रों की स्थापना करेगा

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**योजना** के अनुसार यूपीडा प्रदेश में 5 एक्सप्रेसवेज के किनारे औद्योगिक केंद्रों की स्थापना करेगा। इनमें आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे एवं गंगा एक्सप्रेसवे शामिल हैं। इस पर योगी सरकार अनुमानित 7 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च करेगी। सीएम के समक्ष प्रस्तुत किया चिह्नित स्थलों का विवरण यूपीडा ने एक उच्चस्तरीय बैठक में सीएम योगी के समक्ष इन पांचों एक्सप्रेसवेज के किनारे चिह्नित औद्योगिक गलियारों का विवरण प्रस्तुत किया। इसके अनुसार प्रदेश के कुल 12 जनपदों को जोड़ने वाले गंगा एक्सप्रेसवे पर 11 स्थलों को औद्योगिक गलियारे के लिए चुना गया है, जिसका कुल क्षेत्रफल 1522



हेक्टेयर है। इस पर करीब 2300 करोड़ के अनुमानित व्यय का अनुमान है। इसी तरह, 7 जनपदों को जोड़ने वाले बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के किनारे 6 स्थलों को चिह्नित किया गया है। इसका प्रस्तावित क्षेत्रफल 1884 हेक्टेयर है, जिस पर 1500 करोड़ से ज्यादा व्यय का अनुमान है।
**30 स्थलों और 5800 हेक्टेयर से ज्यादा भूमि की चिह्नित:** इसी तरह, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से जुड़े 10 जनपदों में 5 स्थलों का चयन किया गया है। इसका कुल क्षेत्रफल 532 हेक्टेयर है, जिसके विकास पर करीब 650 करोड़ का व्यय अनुमानित है।

**गलियारों का विवरण**

**बुंदेलखंड औद्योगिक प्राधिकरण की तर्ज पर 1500 करोड़ रुपए अवमुक्त किए जाने का आदेश भी निर्गत किया जा चुका है**

वहीं 9 जनपदों को जोड़ने वाले पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर औद्योगिक गलियारे के लिए 5 स्थानों को चिह्नित किया गया है जिसका प्रस्तावित क्षेत्रफल 1586 हेक्टेयर है और अनुमानित व्यय 2300 करोड़ होने की संभावना है। पांचवां और अंतिम एक्सप्रेसवे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे है।
इसके 4 जनपदों में 2 स्थानों को औद्योगिक केंद्रों के लिए चुना गया है, जिसका कुल क्षेत्रफल 345 हेक्टेयर होगा और अनुमानित व्यय 320 करोड़ होने की संभावना है। कुल मिलाकर इन पांचों एक्सप्रेसवेज पर 30 स्थलों को चिह्नित किया गया है, जिसका कुल क्षेत्रफल 5800 हेक्टेयर से ज्यादा है।
**भूमि क्रय के लिए दरों का निर्धारण प्रक्रियाधीन:** यूपीडा की ओर से चिह्नित सभी 30 स्थलों से जुड़े 108 ग्रामों को प्रदेश सरकार की ओर से अधिसूचित किया जा चुका है। वहीं भूमि क्रय के लिए संबंधित 6 जिलाधिकारियों को 200 करोड़ रुपए भी जारी किए जा चुके हैं। साथ ही भूमि क्रय के लिए बुंदेलखंड औद्योगिक प्राधिकरण की तर्ज पर 1500 करोड़ रुपए अवमुक्त किए जाने का आदेश भी निर्गत किया जा चुका है। जनपद स्तर पर भूमि क्रय के लिए दरों का निर्धारण फिलहाल प्रक्रिया में है।

## हलाल सर्टिफाइड प्रोडक्ट्स: यूपी में छापेमारी शुरू



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**यूपी** में हलाल प्रमाणन (सर्टिफाइड) उत्पादों की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक के सीएम योगी के निर्देश के बाद सोमवार से पूरे प्रदेश में छापामार कार्रवाई शुरू हो गई है। लखनऊ से लेकर लखीमपुर और बरेली से लेकर बांदा तक छापेमारी जारी है। हलाल प्रमाणित वस्तुओं के निर्यात और बिक्री पर प्रतिबंध के बाद सोमवार से छापामार कार्रवाई शुरू हुई है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को दिए गए हैं निर्देश कि अपने क्षेत्र में वस्तुओं को बाहर भेजने वाली एजेंसियों और फुटकर विक्रेताओं के यहां पर निरीक्षण कर हलाल प्रमाणित जो भी वस्तुएं मिले, इनमें कॉस्मेटिक पर

**कार्रवाई**

**हलाल प्रमाणित वस्तुओं के निर्यात और बिक्री पर प्रतिबंध के बाद सोमवार से छापामार कार्रवाई शुरू हुई**

सबसे ज्यादा ध्यान रहेगा, इसके अलावा औषधि, मसाले व खानपान की सामग्री और दैनिक उपयोग की अन्य सामग्रियों की जांच के लिए भी कहा गया है। हलाल प्रमाणित ऐसी कोई भी वस्तुएं मिलती है तो खाद्य सुरक्षा अधिकारी उनकी रोकथाम के लिए निर्देश देंगे।

## गुरुद्वारे में शराब और मांस पार्टी के दावे से सिखों में आक्रोश



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**करतारपुर** साहिब गुरुद्वारा के पवित्र स्थल में शराब और मांस पार्टी होने के दावे से बवाल मचा है। सिख समुदाय की भावनाएं आहत हुई हैं और वे मामले की जांच की मांग कर रहे हैं।
**सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी ने की निंदा:** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव जगदीप सिंह काहलों ने आरोप लगाया है कि पार्टी के दौरान शराब और मांस परोसा गया, जो सिख समुदाय की मान्यताओं के खिलाफ है। उन्होंने घटना की कड़ी निंदा की और पाकिस्तान सरकार से जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया। काहलोन ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया, ये अस्वीकार्य है! मैं गुरुद्वारा श्री करतारपुर साहिब के पवित्र परिसर के भीतर हुई अपवित्रता की घटना

**कड़ी निंदा**

**करतारपुर साहिब गुरुद्वारा में शराब पार्टी होने के दावे से पाकिस्तान से भारत तक बवाल मचा**

की कड़ी निंदा करता हूं, जहां शराब और मांस के साथ एक पार्टी का आयोजन किया गया था। पाकिस्तान सरकार को सभी जिम्मेदार लोगों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने सबसे पहले दावा किया कि उनके समक्ष एक वीडियो आया है, जिसमें करतारपुर साहिब में शराब और मीट पार्टी की बात कही गई। सिरसा ने दावा किया कि यहां डांस पार्टी हुई थी, जहां शराब और मांस परोसा गया।

## सिलक्यारा: श्रमिकों के परिजनों को प्रशासन ने दिए गर्म कपड़े

**टीम एक्शन इंडिया/उत्तरकाशी**
**उत्तरकाशी के** यमुनोत्री हाइवे पर सिलक्यारा निर्माणाधीन सुरंग में फंसे श्रमिकों के 12 परिजन पहुंच गए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर केंद्रीय एजेंसियों से समन्वय के लिए बनाए गए नोडल अधिकारी सचिव डॉ. नीरज खैरवाल, जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला और पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने परिजनों से मुलाकात कर उन्हें बचाव कार्य की जानकारी दी। साथ ही परिजनों को गर्म कपड़े देने के अलावा रहने और खाने की व्यवस्था की गई। इधर, जिलाधिकारी ने जिला पर्यटन अधिकारी को परिजनों के



साथ समन्वय के लिए नोडल अधिकारी बनाया है।सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों के अब तक करीब 12 परिजन अपनों का हाल जानने घटनास्थल पर पहुंचे गए हैं। गत दिवस मुख्यमंत्री धामी ने परिजनों से मुलाकात कर उनके

**बचाव कार्य**

**सभी स्वस्थ हैं और भरोसा दिया जा रहा कि जल्द उनको बाहर निकाल लिया जाएगा**

रहने, खाने और आवागमन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे। आज सिलक्यारा में केंद्रीय एजेंसियों और बचाव कार्य से जुड़ी व्यवस्थाओं के लिए नोडल बनाये गए सचिव डॉ नीरज खैरवाल और जिलाधिकारी ने एसपी अर्पण यदुवंशी, एसडीएम चतर सिंह एवं शैलेन्द्र नेगी के साथ परिजनों से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान परिजनों से कहा कि श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकालने को सरकार बचाव कार्य तेजी से कर रही है। सुरंग में फंसे हुए श्रमिकों से लगातार बातचीत की जा रही है। सभी स्वस्थ हैं और भरोसा दिया जा रहा कि जल्द उनको बाहर निकाल लिया जाएगा। इसके अलावा पाइप के माध्यम से खाने का सामान और जरूरी जीवन रक्षक दवा भेजी जा रही हैं। इसके अलावा सुरंग में रसद व अन्य सामग्री की आपूर्ति के लिए नई पाइपलाइन डाली जा रही है।

## स्पोर्ट्स विवि पटियाला में नौ पदों पर होगी भर्ती

**चंडीगढ़:** पंजाब सरकार ने पटियाला स्थित महाराजा भूपिंदर सिंह स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में सीधी भर्ती के द्वारा तकनीकी काडर के नौ पदों का सृजन करने और भरने की भी मंजूरी दे दी। सोमवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्क्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया। जिन पदों को भरा जाएगा, उन पदों में एक पद सहायक मैनेजर, प्रोग्रामर के दो पद, दो पद तकनीकी सहायक के और क्लर्क- कम-डाटा एंट्री ऑपरेटर के होंगे। खेल के क्षेत्र के पाठ्यक्रमों, शिक्षा और प्रशिक्षण के द्वारा राज्य में खेल का स्तर ऊंचा उठाने के मकसद के साथ हुई थी और इन पदों से यूनिवर्सिटी का कामकाज सुचारू तरीके से चलाने और विद्यार्थियों को रोजाना के कामकाज में सुविधा होगी।

## विश्व धरोहर सप्ताह के पहले दिन ताजमहल में बिना टिकट मिली एंट्री

**टीम एक्शन इंडिया/आगरा**
विश्व धरोहर सप्ताह के पहले दिन स्मारकों में पर्यटकों को निशुल्क प्रवेश मिला। ताजमहल देखने पर्यटकों की भीड़ उमड़ी। दोपहर दो बजे के बाद मैच के चलते पर्यटकों का दबाव कम रहा। एक अंदाज के अनुसार लगभग 40 हजार पर्यटकों ने ताजमहल देखा। शनिवार को 37 हजार 927 पर्यटक आए थे। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) द्वारा प्रतिवर्ष 19 से 25 नवंबर तक विश्व धरोहर सप्ताह मनाया जाता है। इसके पहले दिन एएसआइ द्वारा संरक्षित सभी स्मारकों में पर्यटकों का प्रवेश निश्शुल्क रहा। सुबह से ही स्मारकों पर पर्यटकों की भीड़ उमड़ी। ताजमहल पर सुरक्षा जांच को लाइनें लगीं। पर्यटकों को पार्किंग से ताजमहल तक जाने के लिए बैटरी कार के लिए भी इंतजार करना पड़ा। आगरा किला, फतेहपुर सीकरी, अकबर का मकबरा, एत्माद्दौला, मेहताब बाग समेत अन्य स्मारकों में भी अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक पर्यटक पहुंचे।

## उत्साह से मनाया गया छठ पर्व

**टीम एक्शन इंडिया/धमतरी/पटना**
**सूर्य** उपासना का पर्व छठ पूजा की शहर में धूम रही। सूर्य को प्रसन्न करके संतान की मनोकामना तथा परिवार की सुख समृद्धि का छठ पर्व उल्लास से मनाया गया। सोमवार अलसुबह पोस्ट आफिस और आंबेडकर वार्ड की सीमा से लगे आमातालाब में उत्तरभारतीय और बिहार से धमतरी आकर बसे लोगों ने सामूहिक पूजा अर्चना की। तालाब किनारे गन्ने का मंडप सजाकर सभी व्रतिधारी महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा की। यहां पर बच्चों ने आतिशबाजी भी की।



सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। सोमवार 20 नवंबर को अलसुबह से ही यहां लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। सूर्योदय के समय सूर्य देवता को

**सूर्य उपासना**

**व्रतीधारी महिलाओं ने तालाब के घुटने व कमर भर तक पानी में खड़े होकर पूजा-अर्चना की**

अर्ध्य देकर पूजा की गई। वृतिधारी महिलाओं ने तालाब के घुटने व कमर भर तक पानी में खड़े होकर पूजा की, इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद थे। सभी ने सामूहिक रूप से पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना की।



इंटरनेशनल ट्रेड फेयर का मुआयना करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया।

## देश और प्रदेश में बेरोजगारी चरम पर: सांसद वरुण गांधी

**टीम एक्शन इंडिया/पीलीभीत**
**पीलीभीत** के सांसद वरुण गांधी ने बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर एक बार फिर सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में बेरोजगारी चरम पर है। पीलीभीत के लोग हरियाणा और गुजरात में जाकर मजदूरी करने को मजबूर हैं। सांसद ने कहा कि सरकार नौकरियां निकालती हैं। बेरोजगार पांच-पांच बार आवेदन करते हैं, लेकिन हर बार पेपर लीक हो जाता है। बार-बार आवेदन करने में बेरोजगार युवाओं का काफी पैसा भी खर्च हो रहा है और उन्हें नौकरी भी नहीं मिल पा रही है। सांसद वरुण गांधी सोमवार को बीसलपुर क्षेत्र में पहुंचे। उन्होंने मजगमां, भसूड़ा, रोहनियां,, महुआ, बीरमपुर और अभयपुर आदि गांवों में जनसंवाद किया। सांसद ने कहा कि संविदा कर्मचारियों के साथ धोखा किया जा रहा है। गरीबों को कर्ज नहीं मिल पा रहा है। पूरे देश में विभिन्न विभागों के एक करोड़ पद रिक्त हैं लेकिन उन्हें जानबूझ कर भरा नहीं जा रहा है।

## गोरखपुर चिड़ियाघर: गर्मी का एहसास करेंगे पशु-पक्षी



**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**
**शहीद** अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान (चिड़ियाघर) में रहने वाले पशु-पक्षी ठंड में भी गर्मी का अहसास करेंगे। सभी के बाड़े का तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के करीब रखा जाएगा। इसके लिए सांप घर में वीआरवी एसी (वैरियेबल रेफ्रिजरेटर वाल्यूम) लगाया जाएगा। जैसे ही सांप घर का तापमान 25 डिग्री से कम होगा, वैसे ही यह चालू हो जाएगा और नियंत्रित करते ही बंद हो जाएगा। वहीं हिरन के बाड़ा परिसर में अलाव के लिए पुआल की व्यवस्था की जाएगी। चिड़ियाघर में छोटे-बड़े कुल 275 से अधिक पशु-पक्षी हैं।
**भोजन में भी किया गया है बदलाव:** गर्मी और वर्षा का मौसम समाप्त होने के बाद जैसे इनके भोजन में बदलाव किया गया है। वैसे ही इनके रहने वाले जगहों पर ठंड से बचाव के लिए 35 हीटर, 20 ब्लोअर और एसी की व्यवस्था की गई है। ठंड के समय में पानी

**गर्मी का अहसास**

**चिड़ियाघर: सभी के बाड़े का तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के करीब रखा जाएगा**

का तापमान बढ़ जाता है। इसलिए कछुआ, मगरमच्छ, दरियाई घोड़ा समेत अन्य जलीय जंतुओ का पानी प्रत्येक दिन बदला जाएगा। इसके लिए चिड़ियाघर प्रशासन मोटर की व्यवस्था कर रहा है। इसी प्रकार बाघ, तेंदुआ, लकड़बघ्घा समेत अन्य पशुओं के नाइट सेल में ब्लोअर लगेगा। सियार, लोमड़ी, बंदर और भालू के नाइट सेल में हीटर लगाए जाएंगे। चिड़ियाघर प्रशासन तापमान बराबर रखने के लिए समय-समय पर ब्लोअर व हीटर चालू करेगा और बंद करेगा। इसके साथ ही हिरन की सभी प्रजातियां बाड़े के साथ बाहर ही विचरण करते हैं।

प्रतियोगिता

### स्कूलों में तकनीकी का प्रयोग कर विद्यार्थियों को रोचक ढंग से पढ़ाने वाले शिक्षकों को पुरस्कृत किया जाएगा

## यूपी: हर जिले में सम्मानित होंगे गुरुजी, अच्छा काम दिखाने के लिए सात मिनट का मौका

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**परिषदीय** स्कूलों व सरकारी माध्यमिक स्कूलों में तकनीकी का प्रयोग कर विद्यार्थियों को रोचक ढंग से पढ़ाने वाले शिक्षकों को पुरस्कृत किया जाएगा। हर जिले के दो-दो शिक्षकों को इनफार्मेशन कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी (आईसीटी) पुरस्कार दिया जाएगा। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) की ओर से सभी जिलों को यह निर्देश भेज दिए गए हैं। 15 जनवरी 2024 तक सभी जिलों में प्रतियोगिताएं आयोजित कर शिक्षकों का चयन किया जाएगा और 30



जनवरी तक वह एससीईआरटी को नाम भेजेंगे।
**सात मिनट में बताना होगा अच्छा काम:** जिलों में अच्छा कार्य कर रहे शिक्षक सात मिनट में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताएंगे कि वह किस तरह पढ़ाई में तकनीकी का प्रयोग और नवाचार कर रहे हैं। परिषदीय स्कूलों में स्मार्ट क्लास भी तेजी से तैयार किए जा रहे हैं। यही नहीं ब्लाक संसाधन केंद्रों पर आईसीटी लैब भी तैयार हो रही है। तमाम शिक्षक ऐसे हैं, जो अपने स्मार्ट मोबाइल फोन या फिर

**7 मिनट का समय**

**शोध में रासायनिक उर्वरक और वर्मी कंपोस्ट को लेकर खेत में फसल पर अलग-अलग अध्ययन किया गया**

विद्यालय में कंप्यूटर के माध्यम से विद्यार्थियों को रोचक ढंग से पढ़ाई कर रहे हैं। प्रेरणा पोर्टल पर समय-समय पर भेजे जा रहे ई-कंटेंट का वह बेहतर उपयोग कर रहे हैं।
**एससीईआरटी की निदेशक ने दिए निर्देश:** एससीईआरटी की निदेशक सरिता तिवारी की ओर से सभी डायट प्राचार्यों, जिला विद्यालय निरीक्षकों व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह जिलों में श्रेष्ठ शिक्षकों का आईसीटी पुरस्कार के लिए चयन कर निर्धारित समय सीमा में सूची भेजें। फरवरी में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता होगी। जिला स्तर पर 50 अंकों की प्रतियोगिता होगी और अच्छा प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया जाएगा। जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में तीन सदस्यीय विशेषज्ञ समिति इन शिक्षकों का प्रस्तुतिकरण देखेगी।

## 'ग्रुप-डी कर्मचारियों का एचआरएमएस डेटा शीघ्र अपडेट करें'

**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने प्रशासनिक सचिवों और विभागाध्यक्षों को कॉमन कैडर के तहत ग्रुप-डी कर्मचारियों का एचआरएमएस पोर्टल पर जनसांख्यिकीय डेटा को तुरंत प्रभाव से अपडेट करने के निर्देश दिये हैं। सोमवार को मुख्य सचिव संजीव कौशल ने यहां एक पत्र जारी कर कहा गया है कि अधिकारियों को एक सप्ताह के अन्दर यह अपडेटेशन कार्य पूरा करना होगा, जिसमें उम्र, लिंग और जन्मतिथि जैसे विवरण शामिल हैं। स्थानांतरण करते समय किसी भी तरह की अस्पष्टता से बचाव के लिए दृढ़ता से इन निर्देशों का पालन किया जाए।